# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

संवत 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 37 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 कर्नाटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अघोषित आपातकाल की तैयारी

राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड ! 6


# घाटशिला उपचुनाव: भाजपा ने फिर जताया भरोसा, बाबूलाल सोरेन होंगे पार्टी प्रत्याशी

**संवाददाता**

**रांची:** भाजपा ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नाम की घोषणा की है। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के बडगाम, नगरोटा, ओडिशा के नुआपाडा और तेलंगाना के जुबली हिल्स सीट के लिए भी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। फिलहाल, झामुमो की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा का इंतजार है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को झामुमो प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

**चंपाई सोरेन की फिर होगी अग्नि परीक्षा :** खास बात है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में घाटशिला सीट से झामुमो के रामदास सोरेन ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को हराया था। लेकिन पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज की वजह से 15 अगस्त को उनके निधन के बाद से घाटशिला सीट खाली थी। इस दौरान उनके बड़े पुत्र सोमेश सोरेन से सीएम ने मुलाकात भी की थी। तब इस बात की चर्चा थी कि पूर्व में खाली सीटों पर हुए उपचुनाव



से पूर्व मंत्री बनाने वाले फॉमूर्ले को एक बार फिर दोहराया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दरअसल, सीएम हेमंत सोरेन इस बात को लेकर कॉफिडेंट हैं कि जनता उनके साथ है और सोमेश को मंत्री बनाए बगैर इस सीट को निकालने में कोई परेशानी नहीं होगी।

**प्रत्याशी से पहले आई थी प्रचारकों की लिस्ट :** वैसे भाजपा ने भी घाटशिला सीट को लेकर कमर कस ली है। प्रत्याशी के नाम की घोषणा से पहले पार्टी ने प्रचारकों की सूची जारी कर दी थी। इस लिस्ट में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जुएल उरांव, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ सहित ओडिशा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। प्रदेश स्तर के नेता की बात करें तो बीजेपी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत स्थानीय विधायकों और पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

**घाटशिला में बदलता रहा है समीकरण :** बाबूलाल सोरेन का 2024 के चुनाव में रामदास सोरेन से मुकाबला हो चुका है। लड़ाई एकतरफा नहीं थी। रामदास सोरेन को 98,356 वोट मिले थे तो बाबूलाल को 75,910 वोट। साल 2005 में यह सीट कांग्रेस के खाते में थी। साल 2009 में झामुमो का कब्जा था। फिर 2014 में यह सीट भाजपा के खाते में आ गई थी। पिछले दो चुनावों से इस सीट पर झामुमो का कब्जा है। दोनों युवा हैं। दोनों अपने-अपने पिता के भरोसे ही राजनीति में आए हैं। लिहाजा, राजनीतिक अनुभव के मामले में बाबूलाल सोरेन सोमेश से एक कदम आगे हैं।

**घाटशिला का चुनावी गणित :** राज्य बनने के बाद 2005 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान इस सीट पर कांग्रेस के प्रदीप कुमार बलमुचू की जीत हुई थी। तब बतौर निर्दलीय रामदास सोरेन दूसरे नंबर पर रहे थे। भाजपा के रामदास हांसदा तीसरे नंबर पर थे। 2009 के चुनाव में झामुमो की टिकट पर रामदास सोरेन की जीत हुई थी। उन्होंने कांग्रेस के प्रदीप कुमार बलमुचू को महज 1,192 वोट के अंतर से हराया था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे सूर्या सिंह बेसरा तीसरे स्थान पर थे। आजसू प्रत्याशी चौथे स्थान पर रहे।

**सिर्फ एक बार घाटशिला में जीती है भाजपा :** 2014 के चुनाव में समीकरण बदल गया। भाजपा के लक्ष्मण टुडू ने झामुमो के रामदास सोरेन को 6,403 वोट के अंतर से हरा दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस की सिंड्रेला बलमुचू तीसरे स्थान पर रहीं थीं। 2019 के चुनाव में झामुमो के रामदास सोरेन ने कमबैक करते हुए भाजपा प्रत्याशी लखन चंद्र मार्डी के हरा दिया। इस चुनाव में गठबंधन की वजह से कांग्रेस का पत्ता कटने पर प्रदीप बलमुचू ने आजसू की टिकट पर दांव खेला लेकिन तीसरे स्थान पर रहे। 2024 में मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच था। झामुमो के रामदास सोरेन के सामने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन भाजपा प्रत्याशी बनकर आए थे। लेकिन उनकी नहीं चली। रामदास सोरेन ने 22 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से हरा दिया। खास बात है कि घाटशिला में संगठनात्मक रुप से भी भाजपा कमजोर रही है। यहां सारा दारोमदार चंपाई सोरेन पर टिका हुआ है।

## रांची में दिनदहाड़े फायरिंग, कारोबारी को मारी गईं आधा दर्जन गोलियां




**रांची:** राजधानी रांची के कटहल मोड़ पर अपराधियों ने दिनदहाड़े एक कारोबारी को कई गोलियां मार दीं। गोलीबारी में घायल कारोबारी राधेश्याम साहू को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।


**दुकान के बाहर हमला :** स्थानीय लोगों ने बताया कि राधेश्याम साहू हर दिन की तरह अपनी दुकान शांभवी इंटरप्राइजेज के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। दिनदहाड़े फायरिंग होने की वजह से थोड़ी देर के लिए कटहल मोड़ के पास हड़कंप मच गया। राधेश्याम साहू को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने किसी तरह घायल राधेश्याम को अस्पताल पहुंचाया। बता दें कि राधेश्याम साहू कटहल मोड़ पर छड़ और सीमेंट का कारोबार करते हैं।

**पुलिस कर रही जांच :** रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने कारोबारी को गोली मारी है। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अपराधियों की जानकारी के लिए लगातार तहकीकात की जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं राधेश्याम साहू के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

## बांग्लादेश में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, झुलसने से 16 लोगों की मौत

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक कपड़ा फैक्ट्री और एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि ये दोनों इमारतें बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी के सामने अगल-बगल में स्थित हैं। ढाका के अग्निशमन सेवा मुख्यालय के अधिकारी तल्हा बिन जशीम ने शिन्हुआ को बताया, ₹ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और ढाका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 12 शव लाए गए।₹ मंगलवार सुबह करीब 11:40 बजे आग बुझाने के लिए कम से कम 12 फायर ब्रिगेड की यूनिट मौके पर पहुंचीं। अधिकारी के अनुसार, सात मंजिला कपड़ा फैक्ट्री में आग तीसरी मंजिल से लगी थी और काफी हद तक बुझ चुकी है।

## सारंडा मामले में सरकार ने और एक दिन का समय मांगा



**संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने सारंडा मामले में कोर्ट में शपथ पत्र दायर करने के लिए और एक दिन का समय मांगा है। सेल ने भी अपनी समस्या बतानी चाही। लेकिन कोर्ट ने यह कह दिया कि सेल को तो प्रोटेक्ट कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की पीठ में सारंडा मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कपिल सिब्बल ने कोर्ट से और एक दिन का समय मांगा। बाद में उन्होंने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई हो तो बेहतर होगा।

इसके बाद सेल के वकील ने कहा कि माइनिंग मामले में उसकी कुछ समस्याएं हैं। लेकिन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सेल को तो प्रोटेक्ट कर दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई कल होने की संभावना है। इससे पहले सारंडा मामले पर आठ अक्तूबर को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और रअक्छ की ओर दी गयी दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने राज्य सरकार को 57519।41 हेक्टेयर के बदले 31468।25 को सेंक्चुअरी घोषित करने की अनुमति दे दी थी।

साथ ही सेल और वैध लीज को सेंक्चुअरी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर रखने की अनुमति दी थी। न्यायालय ने सेंक्चुअरी घोषित करने के मामले में राज्य सरकार को एक सप्ताह के बाद इस सिलसिले में न्यायालय में शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया था। सरकार की ओर से यह दलील दी गयी थी कि वह एनजीटी के निर्देश के आलोक में 31468।25 हेक्टेयर को सेंक्चुअरी घोषित करना चाहती है। लेकिन सेंक्चुअरी के बाहर एक किलोमीटर के दायरे में माइनिंग प्रतिबंधित रहता है। इससे रअक्छ और वैध लीज का माइनिंग प्रभावित होगा। इसलिए न्यायालय माइनिंग को प्रभावित किये बिना 31478।25 हेक्टेयर इलाका चिह्नित करने का समय दे। न्यायालय ने इसके लिए एक सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई की अगली तिथि पर शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया था।

## जदयू ने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी, अनंत सिंह को मोकामा से मिला टिकट



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में शामिल जदयू ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में कुल 57 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, आलमनगर से नरेंद्र नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि बिहारीगंज से निरंजन कुमार मेहता, मधेपुरा से कविता साहा, सिंघेश्वर से रमेश ऋषिदेव, और सोनबरसा से रत्नेश सदा को टिकट दिया गया है। इसके अलावा, मंत्री श्रवण कुमार को एक बार फिर नालंदा से टिकट थमाया गया है, तो अनन्त सिंह मोकामा से चुनावी मैदान में होंगे। इसके अलावा, बहादुरपुर से मदन सहनी को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि बरौली से मनजीत सिंह, कल्याणपुर से महेश्वर हजारी, वारिसनगर से मांजरिक मृणाल और मंत्री विजय चौधरी को सरायरंजन से फिर से चुनावी समर में उतारा गया है। पूर्व मंत्री श्याम रजक को फुलवारी से प्रत्याशी बनाया गया है।

वहीं, हरि नारायण सिंह को हरनौत, अरुण मांझी को मसौढ़ी से तथा राधाचरण साह को संदेश से प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले, एनडीए में शामिल भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जबकि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने अपने हिस्से की सभी छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने रविवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी। इस बंटवारे के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 29 सीट मिली हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें मिली हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## राजस्थान बस हादसा: शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट, मृतकों के परिजन पहुंचे अस्पताल



**संवाददाता**

**जोधपुर :** राजस्थान के जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार को बस हादसे में कुल 21 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक स्लीपर बस में आग लगने से 19 यात्री उसमें से निकल नहीं पाए और झुलसकर उनकी मौत हो गई, वहीं जोधपुर रेफर किए गए घायलों में से एक की भी मौत हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि शवों की पहचान करना मुश्किल है, जिसके चलते मृतकों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं। देर रात आर्मी ट्रक के माध्यम से शवों को जोधपुर भेजा गया। अब परिजनों के डीएनए सैंपल लेकर मिलान की प्रक्रिया जोधपुर में शुरू की जा रही है। डीएनए मिलान के बाद ही शव परिजनों को दिए जाएंगे। शुरूआती जांच में यह भी सामने आया है कि बस को मॉडिफाई किया गया था। इसके बाद भी अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दिए और बड़ा हादसा हो गया।

वहीं, हादसे के इतने देर बाद डीएनए की जांच होने पर परिजनों में नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर कोई 'बड़ा आदमी' होता तो रात को ही जांच हो जाती, लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा।

जानकारी के अनुसार, शवों को जैसलमेर से जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल और जोधपुर के एम्स अस्पताल में रखवाया गया है।

एस एन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल बीएस जोधा ने बताया कि कुल पांच लोगों को वेंटिलेटर पर ले लिया गया है जिनकी हालत गंभीर है। डीएनए सैंपलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है, सबका सैंपल लेकर परिजनों के डीएनए से मैच कराया जाएगा ताकि पहचान हो सके। इस कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। हमारा परिजनों और सभी से निवेदन है कि ऐसे केस में इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है ऐसे में मरीज से ज्यादा से ज्यादा दूरी बनाने का प्रयास रखें।

महात्मा गांधी अस्पताल की अधीक्षक फतेह सिंह भाटी ने बताया कि तीन लोगों को रात में वेंटिलेटर पर लिया गया था। आज सुबह दो लोगों को और वेंटिलेटर पर लिया गया है। सभी का चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। डीएनए टेस्टिंग का कार्य शुरू किया जा चुका है। हमें पूरी उम्मीद है कि 24 घंटे के भीतर पूरा कार्य कर लिया जाएगा और परिजनों को उनके रिश्तेदारों के शव सौंप दिए जाएंगे। 15 मरीजों का महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार चल रहा है, वहीं 10 शवों को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा, ₹जैसलमेर के थईयात गांव में हुई घटना वाकई दुखद है और पूरा प्रदेश शोक में है। यह स्पष्ट है कि जोधपुर लाए गए घायलों सहित आज यहां पहुंचे सभी लोगों को हमारी नैतिक जिम्मेदारी और सहयोग की आवश्यकता है।₹

उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रशासन की गलतियों को देखने के बजाय हम लोगों को घायलों की सहायता करनी चाहिए। जिनकी पहचान नहीं हो पाई है, उनकी पहचान की जा रही है।

परिजनों ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैं डीएनए सैंपल देने आया हूं। मेरा छोटा भाई रामगढ़ प्लांट में काम करता था और वह बस में था।

उन्होंने कहा कि कल रात से हम लोगों को परेशान किया जा रहा है, कोई हमारी सुनने वाला नहीं है और हम लोग अपने परिवार के शव लेने के लिए परेशान हैं।



## दिल्ली-एनसीआर में शर्तों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने दी 'ग्रीन पटाखों' को मंजूरी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने दीपावली से पहले दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बेचने और जलाने की अनुमति दे दी है, लेकिन इसके साथ कई सख्त शर्तें भी लगाई हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने यह अहम आदेश सुनाया। कोर्ट ने कहा कि परंपरागत पटाखों की तुलना में ग्रीन पटाखे पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए सीमित और नियंत्रित उपयोग की अनुमति दी जा सकती है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि अदालत ने इस मुद्दे पर सॉलिसिटर जनरल और एमिकस क्यूरी के सुझावों पर विचार किया है। उन्होंने कहा, ₹हम समझते हैं कि उद्योग जगत की भी चिंताएं हैं। पारंपरिक पटाखों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे प्रदूषण और ज्यादा बढ़ता है। इसलिए हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा।₹

हरियाणा के 22 जिलों में से 14 जिले एनसीआर क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने कहा कि जब पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था, तो कोविड काल को छोड़कर वायु गुणवत्ता में बहुत बड़ा सुधार देखने को नहीं मिला। वहीं, पिछले छह वर्षों में ग्रीन पटाखों के आने से प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री की जा सकती है। हालांकि, यह बिक्री केवल क्यूआर कोड वाले ग्रीन पटाखों की ही होगी। ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल के लिए भी सुप्रीम कोर्ट ने समय सीमा तय की है। लोग इन्हें केवल शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक ही जला सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारी गश्ती दल बनाएंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि बाजार में केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखे ही बिकें। अगर कोई नियम तोड़ेगा, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी और नोटिस जारी किया जाएगा।

इसके साथ ही, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ई-कॉमर्स वेबसाइटों जैसे अमेजन या फ्लिपकार्ट आदि पर पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

### हेमंत कैबिनेट ने 24 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# नगर निकाय में आरक्षण का दायरा बदलेगा

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के नगर निकाय क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में इस बार आरक्षण का दायरा बदला हुआ रहेगा. पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा सौंपे गए ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट पर आरक्षण की हुई अनुशंसा को हेमंत सरकार ने मानते हुए मंगलवार को कैबिनेट की मंजूरी प्रदान कर दी है.

इसके तहत अलग-अलग निकाय क्षेत्रों में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है. आरक्षण की अधिसीमा 50% निर्धारित की गई है. कैबिनेट से मिली मंजूरी की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी.

इसके अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में जहां त्योहार का सौगात देते हुए राज्य सरकार ने अपने कर्मियों और पेंशनधारियों को मिलनेवाले महंगाई भत्ता की दरों में 1 जुलाई 2025 से 3% की वृद्धि करने का निर्णय लिया है. अब महंगाई भत्ता 58% मिलेगा.



सारंडा को अभयारण्य घोषित करने संबंधी प्रस्ताव पर कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करनी है ऐसे में इसको लेकर चर्चा हुई है. इस बात की सहमति बनी है कि सबसे पहले सारंडा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के रहने के विषय को लेकर है.

वहां के जल जंगल जमीन को लेकर हम चाहते हैं कि अपने वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ अन्याय ना हो. सबसे पहले तो किसी भी हालत में वह जंगल से ना निकल पाएं या ना निकाले जाएं, वन अधिकार कानून उनका संरक्षित रहे, विस्थापन ना हो और सरकार चाहे केंद्र हो या राज्य सरकार हो वह सभी योजनाओं का लाभ वह ले सकें. जिस तरह से सामाजिक सांस्कृतिक रूप से सैकड़ों वर्षों से वह सारंडा के जंगलों में रहते आए हैं अपना जीवन यापन सामान्य रूप से जैसे करते आए हैं वैसे करते रहेंगे.

**कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों पर मुहर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में मंगलवार देर शाम तक चली कैबिनेट की बैठक में कुल 24 प्रस्ताव पर मुहर लगी है. कैबिनेट में विनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी कोयलांचल धनबाद के विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की मंजूरी दी गई. पुनर्गठन के बाद शैक्षणिक में 38 नए पदों को सृजित किया जाना है. वहीं गैर शैक्षणिक में 249 पदों को प्रत्यर्पित किया जाएगा. कुल 371 अतिरिक्त मल्टीटास्किंग स्टाफ की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से की जाएगी.

मंत्री परिषद ने अब चाइल्ड केयर लीव यूनिवर्सिटी एवं एंगीभूत उसके कॉलेज में महिला शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं एकल पुरुष शिक्षकेत्तर कर्मियों को देने का फैसला किया है. इसके तहत 730 दिनों का चाइल्ड केयर लीव मिलेगा. मंत्री परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम व्यय विवरणी को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की है.

इसके अलावा केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत संचालित आंगनबाड़ी सेवाएं अन्तर्गत प्रशासनिक व्यय मद के तहत व्यय दर प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र रु. 2,000/- वार्षिक को बढ़ाते हुए प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र रु. 8,000/-प्रतिवर्ष करने की स्वीकृति दी गई.

कैबिनेट द्वारा मिशन शक्ति के तहत संचालित केन्द्र प्रायोजित महिला हेल्पलाइन योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश की स्वीकृति दी गई. वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना अन्तर्गत राज्य में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रेफरल सेवाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 207 अछर एम्बुलेन्स के क्रय के लिए कुल एक अरब तीन करोड़ पचास लाख रुपए मात्र पर योजना की स्वीकृति दी गई है.

## खूंटी में 3 आधुनिक गोदामों के निर्माण को मिली हरी झंडी



**संवाददाता**

खूंटी : जिले में कृषि और भंडारण क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। जिला सहकारी विकास समिति (ऊ्रऊ्र) की बैठक में ₹वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज इन कॉपोरेटिव सेक्टर₹ योजना के तहत 2500 मीट्रिक टन क्षमता वाले तीन आधुनिक अनाज गोदामों के निर्माण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई है। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में इस महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि गोदामों के निर्माण के लिए आवश्यक तकनीकी, प्रशासनिक और भूमि संबंधी सभी तैयारियां पूरी करके प्रस्ताव को शीघ्र विभाग के पास भेजा जाएगा। इस योजना के तहत बनने वाले इन गोदामों का उपयोग भारतीय खाद्य निगम (FCI), रांची द्वारा किया जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्य में अनाज भंडारण की क्षमता बढ़ाकर संग्रहण के अंतराल को दूर करना है। पूरे राज्य के 24 जिलों में 72 सहकारी समितियों (LAMPs/PACS) के माध्यम से ऐसे ही गोदाम बनाए जाएंगे। इस योजना से न सिर्फ सहकारी संस्थाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को भी अपनी उपज का बेहतर संरक्षण करने में मदद मिल सकेगी।

## मुख्यमंत्री बोर्ड के तहत खूंटी में वॉल हैंगिंग कला प्रशिक्षण का शुभारंभ

**संवाददाता**

**खूंटी :** रेवा के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित 25 दिवसीय वॉल हैंगिंग कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत बिरहु के अंतर्गत रेवा में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को टूलकिट वितरण के साथ किया गया। यह प्रशिक्षण बोर्ड की कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण उद्यमियों को हस्तकला के क्षेत्र में दक्ष बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की जिला उद्यमी समन्वयक श्रीमती आतेन विशवासी तोपनो ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बिरहु पंचायत की उपमुखिया श्रीमती अनीता देवी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड उद्यमी समन्वयक श्रीमती किरण लता भेंगरा (खूंटी), श्री आशीष वर्मा (मुरहु), श्री संतोष कुमार सोनी (कर्रा), प्रशिक्षण एजेंसी एसेंसिव एडुकेयर प्रा. लि. के श्री शांतनु तथा जिला उद्योग केंद्र के श्री चितरंजन कुमार भी मौजूद थे। प्रशिक्षणार्थियों को दी गई जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जो सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। साथ ही, प्रशिक्षण स्थल पर सभी प्रतिभागियों के लिए दोपहर के भोजन (लंच) की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है। प्रशिक्षण में भाग ले रही महिलाएं एवं युवा इस पहल से काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि इससे न केवल उन्हें एक नया कौशल सीखने को मिल रहा है, बल्कि भविष्य में अपना स्वयं का छोटा उद्यम शुरू करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आत्मविश्वास भी मिल रहा है। उनका मानना है कि यह प्रशिक्षण उनके लिए स्वावलंबन की राह खोलेगा।



## तीसरे दिन भी दशम फॉल में डूबे युवक का पता नहीं,तेज बहाव ने बढ़ाई मुश्किल



**संवाददाता**

**खूंटीः** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दशम फॉल में रविवार को डूबे एक युवक का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। घटना में बिहार के मधुबनी जिले के रामनगर गांव के रहने वाले दिनेश शर्मा के 37 वर्षीय पुत्र रोशन शर्मा के लापता होने की सूचना है। बुंडू के डीएसपी ओम प्रकाश के अनुसार, ₹पानी का बहाव बहुत तेज है औरगहराई अधिक होने के कारण गोताखोर नीचे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। एनडीआरएफ और पुलिस की टीम लगातार कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को भी बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश, थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, बुंडू के सीओ हंस हेम्ब्रम और एनडीआरएफ की टीम सुबह से शाम तक मौके पर मौजूद रही, लेकिन खोज अभियान सफल नहीं हो सका। इलाके की भौगोलिक बनावट, जहाँ बड़ी चट्टानें और एक गहरी खाई मौजूद है, बचाव कार्य में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। खोज अभियान को आसान बनाने के लिए प्रशासन ने सोमवार को नदी के बहाव को मोड़ने के लिए बालू की बोरियों, तिरपाल और बांस से एक घेरा बनाया था। हालाँकि, मंगलवार को तेज बहाव के कारण यह घेरा आधा बह गया, जिससे ऑपरेशन और भी चुनौतीपूर्ण हो गया। फिलहाल, प्रशासन ने बुधवार को भी खोज अभियान जारी रखने का निर्णय लिया है। अब उम्मीद की जा रही है कि यदि पानी का बहाव कुछ कम हुआ, तो खोज दल लापता युवक तक पहुंचने में सफल हो सकेगा।

## खेत की मेड काटने के विवाद में दो भाइयों में जमकर चले लाठी डंडे

**संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरवागडा गांव में दो भाइयों के बीच जमकर लाठी डंडे चला। तरवागड़ा निवासी हरदेव यादव के पुत्र नारायण यादव अपने खेत की मेड़ को ठीक कर रहे थे। इसी बीच वहां पर उसका बड़ा भाई छक्कू यादव आ गए और मेड़ काटने का विरोध करने लगे। इसे लेकर पहले तो उनके बीच कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। इस मामले की जानकारी उनकी पत्नी को हुई तो वे भी खेत पर पहुंच गए और हंगामा होने लगा। इसी बीच दोनों पक्षों के लोगों के बीच मारपीट होना शुरू हुआ। मारपीट में छक्कू यादव गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया।मामले की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच कर घायल छक्कु यादव और नारायण यादव की 30 वर्षीय पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायल छक्कू की स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है उसके मुंह से झाग निकल रहा था। वही घायल महिला अंजू देवी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।दोनों भाइयों के द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है ।मेड काटना जमीन की नहीं मानसिकता की लड़ाई है। एक अदृश्य जहर जो पूरे देश में फैला है, मेड काटने की मानसिकता, थोड़ा सा जमीन के लिए रिश्तों की लकीरें काट दी जाती है ।इंसानियत की हदे लांघने की कीमत इंच भर जमीन के खातिर इंसानियत की हदे लांघ दी जाती है , एक जिद जो कभी झगड़े में तो कभी खून खराबे में ।



## पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया सम्मानित

**संवाददाता**

खूंटी : स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल के बारह होनहार खिलाड़ियों को हॉकी, तीरंदाजी और शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डीएवी मैनेजमेंट कमेटी की ओर से इन सभी प्रतिभागियों को 5,100 रुपये का चेक प्रदान कर उनके प्रयासों को सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में खूंटी हेल्थ क्लब के प्रभारी एवं एनआईएस शूटिंग कोच श्री अनुज कुमार और विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोजेश्वर कुमार ने संयुक्त रूप से यह पुरस्कार प्रदान किए। प्राचार्य ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शारीरिक शिक्षक श्री एम.के. सिंह के कठिन परिश्रम और मार्गदर्शन की विशेष रूप से सराहना की।




इन मेधावी छात्रों ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता**

चतरा। जल संसाधन विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा के तत्वावधान में मंगलवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 7 वीं लघु सिंचाई गणना, 2 वीं जल निकाय गणना एवं 1 वीं स्प्रिंग्स गणना से संबंधित प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधियों एवं फील्ड कार्य के दिशा-निदेशों की जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान करना था।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर (सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम कार्यपालक अभियंता उमेश बड़ाईक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तकनीकी प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर कुनाल पांडे, सुधामा पासवान एवं अनुज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। समूचे कार्यक्रम का संचालन विपुल दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अकाउंटेंट सहाब दीपक कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता अमित रंजन, धर्मेंद्र कुमार, मो० समीर आलम, अभय एक्का सहित कार्यालय के अन्य सभी कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला में अंचल कार्यालयों से नामांकित प्रगणकों ने भाग लिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कीर्तिश्री जी ने प्रतिभागियों को अपने कार्य में सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने का संदेश दिया।

## सड़क हादसे में छात्र घायल, गया रेफर

चतरा। जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के होसिल गांव के समीप जोरी- प्रतापपुर मुख्य पथ पर दो बाइक के सीधी टक्कर हो गई।टक्कर में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से उसे इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गया रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बच्चा अरुणोदय पब्लिक स्कूल जोरी में यूकेजी छात्र है।स्कूल में पढ़ने के बाद होसिल गांव निवासी विकास यादव के पुत्र छात्र धीरज कुमार (7 वर्ष ) अपने चाचा विकास यादव के साथ अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में होसिल गांव के समीप जोरी- प्रतापपुर मुख्य पथ पर प्रतापपुर की ओर से एक तेज रफ्तार बाइक सीधे बाइक में टक्कर मार दिया।

# कर्रा प्रखंड में गरिमा केंद्र की सलाहकार समिति का गठन, महिला सुरक्षा पर जोर

**संवाददाता**

खूंटी : कर्रा प्रखंड के सभागार में जेंडर रिसोर्स सेंटर (गरिमा केंद्र) के तहत प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति के गठन और उसकी पहली बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) स्मिता नागेशिया ने की। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीमती विजया लक्ष्मी, जरियागढ़ थाना प्रभारी श्री बीरेन्द्र कुमार, कर्रा थाना के एएसआई श्री वृंदावन प्रमाणिक, इढट खरछ्ढर श्री शाम प्रवीन सहित गरिमा केंद्र के जेंडर सीआरपी, संकुल संगठन की कार्यकारिणी सदस्यों एवं सामाजिक कार्य समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत में इढट खरछ्ढर श्री शाम प्रवीन ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद जिला प्रबंधक (सामाजिक विकास प्रभाग) श्री रमेश नायक ने गरिमा केंद्र के संचालन, सलाहकार समिति के गठन के उद्देश्य और समिति सदस्यों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मासिक बैठकः प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती स्मिता नागेशिया ने निर्देश दिया कि गरिमा केंद्र में प्राप्त मामलों की समीक्षा के लिए हर महीने की 25 से 30 तारीख के बीच सलाहकार समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए।



यह भी निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर मुखियाओं को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि लैंगिक हिंसा या घरेलू विवाद के मामलों का ग्रामसभा स्तर पर जुमार्ना लगाकर या अवैधानिक तरीके से निपटारा न किया जाए। ऐसे सभी मामले तत्काल गरिमा केंद्र के माध्यम से समिति के संज्ञान में लाए जाएं। BPM JSLPS को निर्देशित किया गया कि गरिमा केंद्र में आने वाले मामलों की जानकारी तुरंत समिति के अध्यक्ष को दी जाए और बिना किसी देरी के उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीमती विजया लक्ष्मी ने सुझाव दिया कि किशोर-किशोरियों को हिंसा से बचाने के लिए अभिभावकों के बीच नियमित रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि वे अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन कर सकें।

थाना प्रभारी जरियागढ़ श्री बीरेन्द्र कुमार ने आश्वासन दिया कि हिंसा या शोषण के मामलों में पीड़ित या उनके परिजन बिना झिझक थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं और थाना प्रशासन उन्हें पूरा सहयोग देगा। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गरिमा केंद्र के माध्यम से लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय के उद्देश्यों को मजबूती के साथ लागू किया जाएगा।

# रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई 15 बाइक चोर गिरफ्तार

**संवाददाता**

रांचीः पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले बड़े गिरोह का खुलासा किया है. गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही लगभग 24 चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया है. चालाकी के साथ छुपाते थे चोरी की बाइक रांची पुलिस के लिए चुनौती बने बाइक चोरों के खिलाफ बड़ी कारवाई की गई है. ग्रामीण एमपी प्रवीण पुष्कर के नेतृव में कार्रवाई करते हुए नामकुम इलाके से एक साथ 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग चोरी की 24 बाइक बरामद की गई है. गिरफ्तार वाहन चोरों के द्वारा चोरी से पहले कस्टमर सेट कर लिया जाता था, उसके बाद वारदात को अंजाम दिया जाता था.



**बाइक रखवाकर होटल में करते थे पार्टी**

वहीं चोरी की बाइक का अगर खरीदार नहीं मिलता था तो ये गिरोह बाइक को सुरक्षित रखने के लिए भी नया तरीका खोजकर तैयार रखते थे. चोरी के बाद गिरोह जमकर पार्टी करता था और होटल में पैसे के बदले महंगी बाइक गिरवी रखवाकर चले जाते थे. कुछ दिन बाद गिरोह होटल पहुंचता और होटल मालिक को यह कहकर धमकाते थे कि उन्होंने चोरी की बाइक को अपने होटल में छुपाई है और इस बात की जानकारी वह पुलिस को दे देंगे. गिरोह की धमकी से होटल कारोबारी डर जाते थे और उन्हें बाइक वापस कर देते थे. सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर बंद टी प्वाइंट नाम के होटल के पास, मोटरसाइकिल चोर गिरोह, बाइक की खरीद फरोख्त के लिए खड़े हैं.

# प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है : उपायुक्त

**संवाददाता**

**रांची :** जिले में जल संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन का शुभारम्भ किया। यह परियोजना रांची जिले के भुंगरू क्षेत्र में वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर पुनर्भरण और ग्रामीण समुदायों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, जो जलवायु परिवर्तन के चुनौतियों से निपटने में सहायक सिद्ध होगी।

जिसमें जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जल संसाधन विभाग के विशेषज्ञ, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



उपायुक्त ने कहा, ह्वजल जीवन का आधार है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना न केवल जल संचयन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह परियोजना उसी दिशा में एक मील का पत्थर है।

उपायुक्त ने कहा जल संरक्षण और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर दे रहे हैं, उन्होंने विशेष रूप से कहा, की हमें न केवल औपनिवेशिक शोषण से मुक्त होना है, बल्कि नशा, कुप्रथाओं और पर्यावरण विनाश जैसे ह्वनए अंग्रेजोंह्व से भी लड़ना है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना इसी लड़ाई का हिस्सा है ह्व

उपायुक्त ने परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, पीएचईडी और स्थानीय एनजीओ को बधाई दी। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना के प्रभाव का मूल्यांकन त्रैमासिक आधार पर किया जाए और आवश्यकतानुसार विस्तार किया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने कहा, ह्वयह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हम आगामी वर्षों में 10 और इसी तरह की परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे है।

## रांची जिला के अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना और राजस्व संबंधित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना है। मंगलवार को भी जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। भू-राजस्व संबंधित कार्य जैसे-दाखिल-खारिज, करेक्शन स्लिप निर्गमन, सीमांकन, भूमि विवाद निपटारा तथा भूमि अभिलेख का सत्यापन एवं सुधार, जाति, आय, निवास, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य जनता दरबार में किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार को नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनाया जाए। किसी भी नागरिक को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों और सरकारी सेवाओं तक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल सुशासन, जवाबदेही और जन-सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम देवाँसी कुमारी उर्फ पुजा देवी,
रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 6 ईंच, लाल रंग साडी।

उपरोक्त गुमशुदा देवाँसी कुमारी उर्फ पुजा देवी, उम्र–लगभग 19 वर्ष पति गोपेन्द्र लोहरा, पता–पहाड सिंह, पो0+पंचायत–बरवादाग, थाना अनगडा, जिला–राँची जो दिनांक–05.10.25 को सुबह 07–08 बजे से अपने धर से बिना बताये कहीं चली गई है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आयी है। इनके संबंध में अनगडा थाना सनहा संख्या–09/2025, दिनांक–08.10.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त गुमशुदा महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली रॉची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगडा रॉची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.364125 Police(25-26):D


## समाहरणालय ब्लॉक ए और बी में लिफ्ट अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूरी

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार रांची समाहरणालय के ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी भवनों में लिफ्ट अपग्रेडेशन का कार्य शीघ्र शुरू होने जा रहा है। प्रशासनिक भवन में लिफ्टों के आधुनिकीकरण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और संबंधित एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है।

दोनों ब्लॉकों में 4-4 लिफ्टों का अपग्रेडेशन किया जाएगा। नई लिफ्टों में आधुनिक सुरक्षा मानक, ऊर्जा-संरक्षण प्रणाली, स्वचालित नियंत्रण तकनीक एवं आपातकालीन सहायता सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे लिफ्ट संचालन अधिक सुचारु और सुरक्षित बन जाएगा।

समाहरणालय परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जनता, कर्मचारी, अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन आते हैं। पुराने लिफ्टों की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब नई लिफ्टों के अपग्रेड होने से इन समस्याओं से राहत मिलेगी और भवन में तेजी, सुविधा और सुगमता से आवाजाही संभव होगी। साथ ही भवन के विद्युत और सुरक्षा तंत्र को भी अद्यतन किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न उत्पन्न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्य के दौरान आम जनता और कर्मचारियों को असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपग्रेडेशन कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा किया जाए। जिला प्रशासन का यह कदम रांची समाहरणालय को आधुनिक, सुगम और जनहितैषी परिसर में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# सीयूजे में बोस इंस्टीट्यूट के प्रो बारिद बरन मुखर्जी के विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

**संवाददाता**

**रांची :** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के अंग्रेजी अध्ययन विभाग में एक बौद्धिक रूप से उत्साहवर्धक संवादात्मक सत्र के लिए बोस इंस्टीट्यूट, कोलकाता के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक प्रो बारिद बरन मुखर्जी का स्वागत किया गया। प्रो. मुखर्जी विविध विषयों के ज्ञाता हैं, जिनकी विद्वत्तापूर्ण गतिविधियां विज्ञान, साहित्य और इतिहास तक फैली हुई हैं। उनके शानदार करियर में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई वैज्ञानिक प्रकाशन शामिल हैं। ऐतिहासिक अन्वेषण के प्रति उनके जुनून ने उन्हें दो प्रशंसित पुस्तकों के लेखक भी बनाया है - ए कॉन्साइज हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश प्रेजेंस इन इंडिया : एस्टेब्लिशिंग एंड विथड्राइंग एन एंपायर (2024) और सेरामपुर : लेट मीडियवल एंड कोलोनियल पीरियड (2021)।

प्रो मुखर्जी का भाषा संकाय की डीन प्रो श्रेया भट्टाचार्जी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह सत्र विभिन्न विषयों के बीच एक जीवंत संवाद के रूप में सामने आया, जहां विद्यार्थियों, विद्वानों और प्राध्यापकों ने औपनिवेशिक इतिहास लेखन से लेकर वैज्ञानिक जांच तक के विषयों पर प्रो मुखर्जी के साथ बातचीत की।

प्रो बारिद मुखर्जी ने विद्यार्थियों को आलोचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, उनसे पाठों को गहराई से पढ़ने तथा अपनी विश्लेषणात्मक व्याख्याएं विकसित करने का आग्रह किया। संकाय सदस्यों को दी गई उनकी सलाह भी उतनी ही प्रभावशाली थी, जिसमें पाठ्य सामग्री के माध्यम से स्वतंत्र विचार को बढ़ावा दिया गया।

प्रो मुखर्जी ने श्रोताओं को पूर्व-औपनिवेशिक और औपनिवेशिक भारत के जीवंत आख्यानों से रूबरू कराया, जिसमें औपनिवेशिक बंगाल और भारत में केवल दो डच उपनिवेशों में से एक, सेरामपुर के अनूठे इतिहास पर विशेष जोर दिया गया। उनके उपाख्यानों ने, जो उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत अनुभवों से लिए गए थे, सत्र में गर्मजोशी और गहराई ला दी। साथ ही, आजीवन सीखने के लिए प्रतिबद्ध एक ट्रैकर और विश्व-भ्रमण करने वाले के रूप में उनकी पहचान को प्रतिबिंबित किया।

इस कार्यक्रम में प्राकृतिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो मनोज कुमार, जनसंचार के डीन प्रो देवव्रत और मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन विभाग की प्रो सुचेता सेन चौधरी जैसे कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अंग्रेजी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ मयंक रंजन और अंग्रेजी अध्ययन विभाग के सभी संकाय सदस्य, प्रो अर्चना कुमारी, डॉ प्रज्ञा शुक्ला, डॉ महिमा कश्यप और रचित कुमार भी उपस्थित थे। सत्र का समापन डॉ रंजीत कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम सुचित्रा कुमारी, रंग–गोरा,
ऊँचाई– 4 फीट 5 ईंच,कथा रंग सलवार सूट हवाई चप्पल।

उपरोक्त गुमशुदा सुचित्रा कुमारी, उम्र–लगभग 19 वर्ष पति मन्टु पातर, पता–कासीडीह, थाना अनगडा, जिला–राँची जो दिनांक–04.09.25 से अपने धर से बिना बताये कहीं चली गई है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आयी है। इनके संबंध में अनगडा थाना सनहा संख्या–15/2025, दिनांक–07.09.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त गुमशुदा महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली रॉची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगडा रॉची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 364130 Police (25-26)_D


## अस्मिता पेंचक सिलाट लीग में झारखंड की 300 महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**रांची :** मोरहाबादी स्थित वूशु इनडोर स्टेडियम में अस्मिता पेंचक सिलाट लीग 2025-26 का आयोजन हुआ। इस लीग में झारखंड के विभिन्न जिलों से 300 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. महुआ मांझी थीं, जबकि समापन समारोह में झामुमो विधायक रामसूर्या मुंडा ने विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

झारखंड पेंचक सिलाट संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री और सचिव मिस डॉली सिंह ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। इससे खिलाड़ी न केवल राज्य का नाम रोशन कर सकती हैं बल्कि भविष्य में कोच या खिलाड़ी के रूप में करियर भी बना सकती हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़े। आत्मरक्षा करने का यह खेल है। टीम भावना भी बनती है।

आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिव डॉली सिंह, चीफ टेक्निकल डायरेक्टर और चेयरमैन बिजय कुमार लिम्बु, ऑर्गनाइजिंग अध्यक्ष शिफू विश्वजीत कर्मकार सहित संदीप लाल, गणेश कालिंदी, धनांतर कुमार, जमील अंसारी, शकील अंसारी, अब्दुल कादिर, शशि कुमार, मानसिंह,

शबनम मिंज, तेजस्विनी खाती, दीपक कच्छप, सुरज, कृष्णा भगत, प्रिंस कुमार, अंजन राणा, राजकुमार, शुभम् कुमार, आरव गुरुंग, कुमकुम विश्वकर्मा, ललन कुमार समेत अन्य लोगों ने योगदान दिया।



## बीआईटी मेसरा में मनाया गया दीपोत्सव

**रांची :** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा का विशाल परिसर दीपोत्सव 25 के दौरान रोशनी, संगीत और जीवंत ऊर्जा से जगमगा उठा। लियो क्लब द्वारा आईसी एरिना में शाम को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण, छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. दिलीप कुमार उपाध्याय, डॉ. योगेंद्र अग्रवाल और डॉ. अमित सरन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

ध्वनि म्यूजिक क्लब की एक शानदार प्रस्तुति के साथ शाम की शुरूआत हुई, जिसके भावपूर्ण संगीत और लयबद्ध ताल ने पूरे परिसर को आनंद, ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया। मुसाफिर बैंड के मनमोहक प्रदर्शन ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जिसके शक्तिशाली गायन और गतिशील मंचीय उपस्थिति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दीपोत्सव 25 के समापन के करीब पहुँचते ही, हतम द्वारा प्रस्तुत ईडीएम नाइट ने परिसर को असीम ऊर्जा और उल्लासपूर्ण वातावरण से भर दिया। चकाचौंध भरी रोशनी और मनमोहक ध्वनि के साथ, इस प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, तथा सभी को आगामी कार्यक्रमों के लिए उत्सुकता से भर दिया।

### राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

# शतरंज का चैंपियन बना रांची पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम

### कल से राज्य स्तरीय कबड्डी में 1728 खिलाड़ी और 144 कोच/ मैनेजर लेंगे भाग

**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता मंगलवार को खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पहली बार 350 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशासनिक पदाधिकारी सोमदत्त दीक्षित ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कैम्प का आयोजन झारखंड में हो रहा है। विभाग के प्रयास से ही अंतरराष्ट्रीय खेल के पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल का कैंप झारखंड में आयोजित हो रहा है।वही स्वागत भाषण में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने कहा हमारा प्रयास है झारखंड का हर वह खेल जिसमें बच्चे खेलते हैं उसका आधार को मजबूत करना है । मुख्य अतिथि सोमदत्त दीक्षित,ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी दीपक कुमार और सिंगहोम मुर्मू को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ,पौधा, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह सम्मानित किया गया।

## नवोदय विद्यालय मेसरा में एनसीसी के विशेष शिविर का हुआ समापन

**रांची :** जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सीनियर डिवीजन के तहत आयोजित सप्ताहिक विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में शामिल हुए।

मौके पर उपायुक्त ने समापन समारोह के दौरान कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए।

मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि एनसीसी न केवल एक प्रशिक्षण शिविर है, बल्कि यह युवाओं के चरित्र निर्माण का माध्यम है। अनुशासन और टीम वर्क जैसे गुण आपको न केवल व्यक्तिगत जीवन में सफल बनाएंगे, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देंगे। रांची जिला प्रशासन एनसीसी जैसी संस्थाओं का पूर्ण समर्थन करता है और भविष्य में ऐसे और अधिक शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कैडेटों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए।

शिविर में भाग लेने वाले कैडेटों ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है। एक कैडेट ने बताया, ह्वट्रेनिंग के दौरान हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाया गया, बल्कि मानसिक रूप से भी आत्मविश्वास बढ़ा ह्व समारोह के अंत में उपायुक्त द्वारा कैडेटों को उनके प्रशिक्षण और प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

यह शिविर राष्ट्रीय कैडेट कोर के वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा है, जो युवाओं को सशस्त्र बलों की झलक प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है। राँची जिला प्रशासन ने इस आयोजन के लिए एनसीसी इकाई, स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों और सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया है।

समारोह में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्यएनोस केरकेट्टा, कर्नल रोहित नंदन प्रसाद, सीओ, 19 झार. बटालियन एनसीसी, कर्नल अमित लांबा, एओ 19 झार. बटालियन एनसीसी, रतीन भद्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची, श्री बादल राज, प्राचार्या बाल कृष्णा प्लस टू हाई स्कूल, सूबेदार मेजर प्रभादयाल सिंह, सुभाषिश रॉय,विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार, मंजुलिका पांडे, विजय कुमार, रंजन कुमार, माधुरी कुजूर, नायब सूबेदार पंकज पाल, हरेराम सिंह, जीवन सिंह, मनोज जोशी, बीएच एम हवलदार ओम प्रकाश, हवलदार धर्मेंद्र कुमार एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### रांची महानगर काली पूजा समिति के साथ डीसी ने की बैठक

# जिला प्रशासन ने हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

**संवाददाता**

**रांची :** काली पूजा महोत्सव के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची महानगर काली पूजा समिति के साथ बैठक की।

सर्वप्रथम समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे एवं अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी । समिति द्वारा जिला प्रशासन, समिति और आम जनता के समन्वय से काली पूजा सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके इसके लिए पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, साफ-सफाई, और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समिति के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और



कहा कि प्रशासन त्योहार के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूर्ण रूप से तत्पर है। समिति द्वारा उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री से पूजा पंडालों के निरीक्षण करने का भी अनुरोध किया है जिसे उपायुक्त द्वारा स्वीकार किया गया।

बैठक में रांची महानगर काली पूजा समिति के संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव, मुख्य सलाहकार नंद किशोर सिंह चंदेल, काली पूजा समिति डोरंडा के अध्यक्ष राजू चौरसिया, रोहित शारदा, उमेश बर्मन, कुंदन कुमार, सर्जना चौक समिति की अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, शिल्पी कुमारी, ओझा मार्केट हेसल समिति के अध्यक्ष दीपक ओझा, राजीव पांडे, कचहरी रोड समिति के अध्यक्ष बबलू वर्मा, मेहुल दुबे, तथा महानगर समिति के अजीत कुमार और बंटी बर्मा उपस्थित थे।


Annexure1

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

**e-Procurement portal**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 10/2025-26
Date :- 14/10/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Partanga Nala, Block- Tatijhariya, Dist- Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 60.243 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 24/10/2025 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 10/11/2025 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 364137 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## पाकिस्तान में तख्ता पलटा तो...!

पाकिस्तान में सत्ता पलट की सुगबुगाहट होने लगी है। हमारा दूसरा पड़ोसी बांग्लादेश भी शांत नहीं है। यूं तो इन दोनों देशों में इस तरह की हलचल का जुलाई में होने वाली ऐतिहासिक घटनाओं से कोई नाता नहीं है, फिर भी कुछ को याद करना चाहिए। वर्ष 1658 में जुलाई की पांच तारीख थी, जब मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बना लिया था। वह शाहजहां के बीमार पड़ने के बाद सत्ता की लड़ाई का नतीजा था। मथुरा के पास बंदी बनाया गया मुराद बख्श आगरा में कैद कर रखा गया। बाद में 1661 में उसकी मौत हो गई थी। यह घटना बहुत पुरानी है। तख्ता पलट के ताजा मामले पाकिस्तान में हुए हैं। बात जुलाई की हो रही है, तो 1977 में इसी महीने की पांच तारीख को ही जुल्फिकार अली भुट्टो को सत्ता से हटाकर जनरल जिया उल हक ने कब्जा कर लिया था। ऐसा करने वाले वे चौथे सैनिक तानाशाह थे। हालांकि वे 11 साल तक सत्ता में बने रहे और एक रहस्यमयी विमान दुर्घटना में मारे गये। इतिहास की ये घटनाएं पाकिस्तान में ताजा हलचल के बीच याद की जा रही हैं। खबरें साफ होने लगी हैं कि पाकिस्तान फिर सत्ता के खिलाफ साजिश के दौर से गुजर रहा है। आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के बाद वहां सब कुछ सामान्य नहीं है। आतंकवादियों को संरक्षण देने वाली पाकिस्तान की छवि इस ऑपरेशन के बाद और भी स्पष्ट हुई है। यह अकारण नहीं है कि जुल्फिकार अली भुट्टो के नवासे और बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने कुछ दिन पहले ही हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंपने की जरूरत बताई थी। ये चेहरे दुनियाभर में, खासकर भारत के खिलाफ आतंकवाद के बड़े सरगना हैं। बिलावल ने यह जरूरत क्यों बताई और इसके पीछे उनके वालिद और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को बचाने की मंशा है, इस पर चर्चा चल सकती है। वैसे पिता-पुत्र के रिश्ते भी चर्चा से बाहर नहीं हैं। जो भी हो, राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास का चर्चा में आना अस्वाभाविक नहीं है। इसे सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर और राष्ट्रपति जरदारी के बीच तनाव की खबरों से भी जोड़कर देखा जा सकता है। जनरल मुनीर जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच के भागीदार बने, तभी से अमेरिका के पाकिस्तान की सत्ता में फिर से रुचि बढ़ने के कयास लगने लगे थे। अब जनरल ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर नई चर्चा को हवा दी है। कहते हैं कि जनरल फिलहाल पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को साथ रखना चाहते हैं। इसी योजना के तहत दोनों की मुलाकात हुई है।

वैसे जरूरत पड़ने पर मुनीर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी किनारे लगा सकते हैं। जहां तक पाकिस्तानी अवाम का सवाल है, भारत की सैन्य कार्रवाई के दौरान उसे लगता है कि पाकिस्तानी सेना को वहां के राष्ट्रपति की ओर सेह्रखुले हाथह्लनहीं रखा गया। वैसे मुनीर ने भी कम डींगे नहीं हांकी, फिर भी ह्रकौन अधिक झूठाह्लकी लड़ाई जोरों पर है। देखना है कि यह लड़ाई तख्तापलट तक कैसे पहुंचती है। ऐसा हुआ तो यह आधिकारिक रूप से पाकिस्तान में पांचवां तख्तालट होगा। ऐसा हुआ तो निश्चित ही भारत का इस पड़ोसी के साथ रिश्ता एक बार और नये सिरे से देखा जायेगा। इतिहास में तख्तापलट शब्द का पहली बार प्रयोग 19वीं सदी में हुआ था।उस वक्त अमेरिका, पुर्तगाल, स्पेन और लैटिन को तख्तापलट का सामना करना पड़ा। तख्तापलट क्या होता है, यह भी जानना जरूरी है। यह वो परिस्थिति है जब किसी देश की सेना, अर्धसैनिक बल या फिर विपक्षी पार्टी वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं। सैन्य तख्तापलट में सेना सरकार को हटाकर एक दिखावटी असैन्य सरकार स्थापित कर देती है। पाकिस्तान कई बार तख्तापलट देख चुका है। पहला तख्तापलट 1953-54 में हुआ था। इस दौरान तत्कालीन गवर्नर-जनरल गुलाम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। दूसरा तख्तापलट 1958 में हुआ, जब तत्कालीन राष्ट्रपति मेजर जनरल इस्कंदर अली मिर्जा ने संविधान सभा और तत्कालीन फिरोज खान नून की सरकार को बर्खास्त कर दिया। 1977 में सेना प्रमुख जनरल जियाउल हक के नेतृत्व में तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था।

## मुफ़्त की बड़ी कीमत

सत्ता हासिल करने के लिये शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वायदों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था। सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वायदे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिये पुरानी पेंशन लागू करने का वायदा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायादारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिये भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है।

# कर्नाटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अघोषित आपातकाल की तैयारी

**सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से #इंल्लफ्रर ट्रेंड कर रहा है। वामपंथी संगठनों, सेकुलर लॉबी और इस्लामी कट्टरपंथी समूहों से जुड़े कई हैंडल इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। आरोप वही पुराने हैं; फासीवाद, संघी मानसिकता, हिंदू राष्ट्रवाद। दिलचस्प यह है कि इसी दौरान कुछ निष्क्रिय या प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लोग भी इस मुहिम को हवा दे रहे हैं।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष का उत्सव मना रहा है। समाज में संगठन के योगदान और उसके अनुशासन, सेवा व राष्ट्रभाव की भावना को लेकर देशभर में कार्यक्रम आरंभ हुए हैं। लेकिन अभी इस उत्सव की गूँज शुरू ही हुई कि कर्नाटक की राजनीति में एक नया विवाद उठ खड़ा हुआ है। राज्य सरकार के मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखकर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों और मंदिरों में आरएसएस की शाखाओं और कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। चार अक्टूबर को लिखे गए इस पत्र को मुख्यमंत्री कार्यालय ने 12 अक्टूबर को सार्वजनिक किया। सिद्धारमैया ने मुख्य सचिव शालिनी राजनिश को पत्र भेजकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। इससे साफ हो गया कि कर्नाटक सरकार अब संघ के विरुद्ध सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। प्रियांक खरगे का आरोप है कि आरएसएस सरकारी व सहायता प्राप्त संस्थानों में बिना अनुमति शाखाएं चला रहा है, जहां ह्ललाठी लेकर नारेबाजीह्व की जाती है और ह्लबच्चों के दिमाग में नफरत भरी जाती है।ह्व उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि ये गतिविधियां संविधान की भावना और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ हैं, इसलिए इन पर तत्काल रोक लगाई जाए। दरअसल ये पहली बार नहीं जब प्रियाँक ने ऐसा बयान दिया हो। जुलाई 2025 में उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो कानूनी प्रक्रिया के तहत पूरे देश में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाएगी। उस वक्त भी भाजपा ने इसे हिंदू-विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया था। अब वही विचार कर्नाटक में सरकारी दस्तावेज का रूप लेता दिख रहा है। इस संबंध में उल?लेखित है कि आरएसएस का इतिहास इस बात का गवाह है कि प्रतिबंधों ने इसे कमजोर नहीं किया, यह ऐसे कठिन दौर में अत्यधिक संगठित रूप में ही लोगों के सामने आया है। आपको बतादें कि संघ पर पहला प्रतिबंध (1948): महात्मा गांधी की हत्या के बाद। नाथूराम गोडसे के कथित संबंध के नाम पर 4 फरवरी 1948 को बैन लगाया गया था, लेकिन 18 महीने बाद जांच में संघ निर्दोष पाया गया और 12 जुलाई 1949 को बैन हटा। दूसरा प्रतिबंध (1975) में इंदिरा गांधी की इमरजेंसी में लगा। उस दौरान आरएसएस को अवैध घोषित किया गया, हजारों स्वयंसेवक जेल में ठूंस दिए गए, लेकिन इमरजेंसी खत्म होते ही संघ पहले से अधिक सक्रिय रूप में लौटा और जनसंघ-जनता पार्टी के पुनर्गठन में निर्णायक भूमिका निभाई। तीसरा प्रतिबंध (1992) में बाबरी विध्वंस के बाद पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार ने आरएसएस, विहिप और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया, जो 1993 में अदालत से हट गया क्योंकि कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

हर बार संघ ने शांतिपूर्ण तरीके से जवाब दिया। उसने कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चीन युद्ध से लेकर कोविड महामारी तक, हर संकट में संघ के स्वयंसेवक देश के आम जन की सेवा करते हुए और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाते हुए ही नजर आए हैं। वे राहत कार्यों में अग्रिम पंक्ति में रहते हैं। ऐसे में ये सवाल स्वभाविक तौर पर उठता है कि क्या कर्नाटक सरकार सचमुच संवैधानिक आधार पर कदम उठा रही है या फिर यह एक वैचारिक द्वेष से प्रेरित राजनीतिक रणनीति है?

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से #इंल्लफ्रर ट्रेंड कर रहा है। वामपंथी संगठनों, सेकुलर लॉबी और इस्लामी कट्टरपंथी समूहों से जुड़े कई हैंडल इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। आरोप वही पुराने हैं; ह्लफासीवादह्व, ह्लसंघी मानसिकताह्व, ह्लहिंदू राष्ट्रवादह्व। दिलचस्प यह है कि इसी दौरान कुछ निष्क्रिय या प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लोग भी इस मुहिम को हवा दे रहे हैं। जिस तरह यह ट्रेंड संगठित तरीके से फैलाया गया है, वह यह संकेत देता है कि यह केवल प्रियाँक खरगे का व्यक्तिगत विचार नहीं बल्कि एक सुविचारित वैचारिक मोर्चा है। संघ की शाखाएं वर्षों से सार्वजनिक स्थानों पर लगती रही हैं; स्कूल के मैदान, पार्क या मंदिर परिसर, जहाँ न तो राजनीति होती है और न ही कोई प्रचार। वहां अनुशासन, योग, देशभक्ति और समाज सेवा की भावना सिखाई जाती है। फिर भी इन्हें निशाने पर लेना बताता है कि समस्या गतिविधियों से नहीं, विचार से है। संघ की विचारधारा ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्व के साथ ही एकता और आत्मगौरव की भावना जगाती है। यही वह विचार है जो विभाजित राजनीति के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता हुआ दिखाई देता है। कर्नाटक में कांग्रेसी सरकार का ये कदम बता रहा है कि कांग्रेस और वामपंथी तबके को संघ की सामाजिक पकड़ असहज करती है। जबकि संघ न तो चुनाव लड़ता है, न सत?ता की होड़ करता है। उसकी ताकत आम जन से सीधे संवाद और समाज सेवा से आती है, जो राजनीति से परे है। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार इस समय कई मोर्चों पर घिरी है, बढ़ते महिला अपराध, बिजली संकट, पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार, और डी.के. शिवकुमार व सिद्धारमैया के बीच नेतृत्व संघर्ष जैसी चुनौतियाँ सामने हैं। ऐसे में आरएसएस पर बैन का मुद्दा सरकार के लिए ध्यान भटकाने का उपकरण बनता दिख रहा है। यहां आरएसएस का प्रभाव इस तथ्य से स्पष्ट है कि उसने अनुसूचित जाति, जनजाति, दलित, पिछड़े और महिलाओं को जोड़ने में उल्लेखनीय काम किया है। ह्रसमरसता अभियानह्ल, ह्रसेवा भारतीह्ल, ह्रविविध शिक्षण संस्थानह्ल और ह्रवनवासी कल्याण आश्रमह्ल जैसे संगठनों के जरिए संघ ने समाज के उस हिस्से तक पहुँच बनाई, जहाँ राजनीति कभी नहीं पहुँच सकी। यही कारण है कि संघ के विरुद्ध जब भी राजनीतिक बवंडर उठता है, वह वैचारिक रूप से कमजोर पड़ जाता है। संघ की शाखाएँ किसी पार्टी का मंच नहीं है, यह तो राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला हैं। कर्नाटक में यदि सरकारी आदेशों के जरिए संघ की शाखाओं या गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिश होती है, तो यह लोकतंत्र के मूलाधारों पर चोट होगी। संघ कोई अवैध संगठन नहीं, बल्कि भारत के संविधान के तहत एक सामाजिक संगठन है। ऐसे में प्रशासनिक दबाव डालकर उसकी गतिविधियां रोकना ह्लअघोषित आपातकालह्व जैसा कदम माना

# दशहरा और दिवाली के बीच के ये बीस दिन : एकात्मता और समरसता का काल

**रामजी हर आश्रम, हर ग्राम, हर वन्य समाज से पुनः मिले। ऋषियों, तपस्वियों, वनवासियों, भील, निषाद, किरात सभी से संवाद किया। यह यात्रा केवल वापसी नहीं थी; यह पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधने की प्रतीक थी। उन्होंने हर समाज-समूह को साथ चलने का निमंत्रण दिया, और अनेक समाज प्रमुख पुष्पक विमान में उनके साथ चले। इन अठारह दिनों में रामजी ने समाज को यह संदेश दिया कि यदि समाज संगठित रहेगा।**

**रमेश शर्मा**

भारतीय संस्कृति में हर पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि गहन सामाजिक, आध्यात्मिक और नैतिक संदेश देने वाला माध्यम है। विजयादशमी और दीपावली के बीच आने वाले बीस दिन इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। ये केवल कैलेंडर की बीस तिथियां नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने, समरसता और सहयोग की भावना जगाने की अवधि हैं। यह वही काल है जब श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे थे। रामजी की इस वापसी यात्रा और दीपावली की तैयारी के बीच गहरा सांस्कृतिक और मानवीय संबंध है।

**रावण-वध के बाद का काल, एकात्मता की यात्रा**

रामचरितमानस के अनुसार रावण-वध अश्विन शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे हम आज ह्लविजयदशमीह्व के रूप में मनाते हैं। किंतु श्रीराम अयोध्या लौटे कार्तिक अमावस्या को, अर्थात बीस दिन बाद। यह विलंब उत्सव या विश्राम का नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का था।

रामजी लंका-विजय के पश्चात केवल दो दिन वहीं ठहरे, एक दिन रावण और उसके परिजनों के अंतिम संस्कार हेतु, और अगले दिन विभीषण के राज्याभिषेक के लिए। इसके बाद उन्होंने विभीषण से अनुमति लेकर पुष्पक विमान से उत्तर की ओर प्रस्थान किया। परंतु वे सीधे अयोध्या नहीं लौटे। उन्होंने उसी मार्ग से यात्रा की, जिससे वे वनवास में और लंका युद्ध के लिए गए थे।

रामजी हर आश्रम, हर ग्राम, हर वन्य समाज से पुनः मिले। ऋषियों, तपस्वियों, वनवासियों, भील, निषाद, किरात सभी से संवाद किया। यह यात्रा केवल वापसी नहीं थी; यह पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधने की प्रतीक थी। उन्होंने हर समाज-समूह को साथ चलने का निमंत्रण दिया, और अनेक समाज प्रमुख पुष्पक विमान में उनके साथ चले। इन अठारह दिनों में रामजी ने समाज को यह संदेश दिया कि यदि समाज संगठित रहेगा, तो कोई भी आसुरी शक्ति उसे पराजित नहीं कर सकती। रामजी ने इस यात्रा के माध्यम से यह भी बताया कि जो लोग कठिन समय में साथ देते हैं, उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। निषादराज, सुग्रीव, विभीषण, शबरी, जटायु जैसे सहयोगियों के प्रति उनका सम्मान इसका प्रमाण है। उन्होंने यह आदर्श प्रस्तुत किया कि जाति, वर्ग, वर्ण या स्थिति कोई भी हो, सहयोग और सद्भाव ही सच्चा धर्म है। रामजी के अयोध्या लौटने पर अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया। यही परंपरा आगे चलकर दीपावली के रूप में विकसित हुई। परंतु दीपावली केवल दीप प्रज्वलन का त्यौहार नहीं है, यह समाज के हर वर्ग की सहभागिता का उत्सव है। दीपावली की तैयारी दशहरे के तुरंत बाद प्रारंभ होती है। घरों की सफाई, लिपाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, घरों और बाजारों की सजावट, इन सबमें समाज के हर वर्ग का श्रम और योगदान होता है। कोई झाड़ू बनाता है, कोई रंग, दीये, मिठाइयाँ या आभूषण। कोई घर सजाता है, तो कोई वस्तुएँ बेचता है। यह सामूहिक श्रम और परस्पर सहयोग ही दीपावली की आत्मा है। यही कारण है कि दीपावली के दिन केवल लक्ष्मी पूजन नहीं होता, बल्कि यह सम्पूर्ण समाज के परिश्रम और सहभागिता का सम्मान है। यह पर्व बताता है कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पेशे, वर्ग या स्थान से जुड़ा हो, समाज की समृद्धि में समान रूप से भागीदार है। भारतीय संस्कृति की समरस दृष्टि

भारतीय परंपरा में ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य है। यहाँ हर प्राणी को समान सम्मान देने की भावना है। रामायण इसका सजीव उदाहरण है; रामजी के मित्र सुग्रीव, निषादराज, विभीषण और हनुमान भिन्न समाजों से थे, परंतु सब समान सम्मान के पात्र थे। भारतीय संस्कृति ने कभी जन्म, वर्ग या वर्ण के आधार पर श्रेष्ठता नहीं मानी। यहाँ कर्म और गुण ही पहचान हैं। इसलिए चाहे वनवासी हों या नगरवासी, किसान हों या व्यापारी, सब एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार वृक्ष की शाखाएँ अलग-अलग दिशाओं में फैलती हैं, पर मूल एक ही होता है, उसी प्रकार विविध समाज और समुदाय मिलकर एक ही मानवता का वृक्ष बनाते हैं। दीपावली के दिनों में केवल घर नहीं, पूरा समाज आलोकित होता है। यह बाहरी स्वच्छता के साथ भीतरी शुद्धता का प्रतीक है। पुरानी वस्तुओं को हटाना, नई चीजों को लाना, यह केवल भौतिक क्रिया नहीं बल्कि ह्लनवजीवनह्व का संकेत है। दीपावली के माध्यम से समाज में श्रम का सम्मान, सहयोग की भावना और सामूहिक प्रगति का आदर्श स्थापित होता है। यह केवल धन या सौभाग्य का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मबल, विश्वास और परस्पर जुड़ाव का पर्व है।

युग बदल गए, परंतु रामायण का यह सन्देश आज भी प्रासंगिक है। विजयादशमी से दीपावली तक का यह काल हमें याद दिलाता है कि समाज का सच्चा बल संगठन, प्रेम और परस्पर सहयोग में है। यदि समाज विभाजित होगा, तो दानवी शक्तियाँ प्रबल होंगी; यदि संगठित रहेगा, तो सुसंस्कृत जीवन सुरक्षित रहेगा। आज भी जब हम दीप जलाते हैं, तो केवल श्रीराम की अयोध्या वापसी नहीं, बल्कि उसी एकता और समरसता की ज्योति जलाते हैं जो भारत की आत्मा है। दीपावली का यह प्रकाश हमें याद दिलाता है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह कारीगर हो, किसान हो, व्यापारी हो या गृहिणी राष्ट्र के इस दीपोत्सव का समान सहभागी है।

अतः विजयादशमी से दीपावली तक के बीस दिन केवल धार्मिक या पौराणिक महत्व के नहीं हैं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से यह आत्मसात करने का काल है। यही अवधि हमें सिखाती है कि उत्सव का अर्थ केवल आनंद नहीं, बल्कि परिश्रम, सहयोग और समरसता है। रामजी ने लंका विजय के बाद जिस एकात्मता का संदेश दिया, वही आज दीपावली की तैयारी में झलकता है; सब एक-दूसरे के पूरक हैं, सबकी आवश्यकता है, और सबका सम्मान समान है। यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है, यही राष्ट्र की शक्ति है। इस प्रकार दशहरा और दीपावली के बीच के ये बीस दिन केवल दो पर्वों के बीच का अंतराल नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और समाज को एक सूत्र में बाँधने की जीवंत अवधि हैं, जो हमें यह सिखाती है कि ह्लजब सब एक-दूसरे के दीप बन जाएँ, तभी सच्ची दीपावली होती है।ह्व

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# धनतेरस से लेकर भाई दूज तक की मान्यताएं

दीपावली सनातनी परंपरा में रात में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों में एक है। शिवरात्रि, होलिका दहन, शरद पूर्णिमा की भांति ही दीपावली में भी संपूर्ण रात्रि जागरण का विधान है। इस साल दीपावली 20 अक्टूबर सोमवार के दिन पड़ रही है। ऐसा माना जाता है कि दीपावली पर मां लक्ष्मी का पृथ्वी पर आगमन होता है, इसलिए इस दिन शाम के समय घर के द्वार खुले रखे जाते हैं। दीपावली के शुभ दिन पर लक्ष्मी-गणेश जी के साथ-साथ धन के देवता कुबेर की भी पूजा की जाती है।

दीपावली पारंपरिक रूप से रोशनी, मिठाइयों और आतिशबाजी के साथ मनाई जाती है, लेकिन इसका गहरा अर्थ इसके आध्यात्मिक महत्व में निहित है। अयोध्या के नागरिकों ने श्री राम का अपने जीवन में स्वागत करके इस उत्सव का जश्न मनाया। इसी तरह, हम इस अवसर का उपयोग अपने हृदय में ईश्वर का स्वागत करने के लिए कर सकते हैं, जो हमारी चेतना में प्रकाश और ज्ञान की वापसी का प्रतीक है। दीपावली का उत्सव पांच दिनों तक मनाया जाता है, और प्रत्येक दिन की अपनी अलग-अलग मान्यताएं व परंपराएं हैं।

1. धनतेरस झ इस दिन लोग सोना, चांदी और नए बर्तन खरीदते हैं। घरों की सफाई और सजावट होती है।
2. छोटी दिवाली झ इस दिन स्नान, शुद्धता और दीपों से सजावट की परंपरा है।
3. मुख्य दिवाली और लक्ष्मी पूजन झ अमावस्या की रात को दीप जलाकर लक्ष्मी और गणेश की पूजा होती है। यह दिन परिवार के साथ आनंद, मिठाइयाँ और उपहार बाँटने का होता है।
4. गोवर्धन पूजा झ इस दिन भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा याद की जाती है। मंदिरों और घरों में अन्नकूट बनाया जाता है।
5. भाई दूज झ भाई-बहन के स्नेह का दिन, जिसमें बहन अपने भाई की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती है।

जैसा कि हम जानते हैं, प्रकाश ज्ञान, बुद्धि और सत्य का सार्वभौमिक प्रतीक है। दूसरी ओर, अंधकार अज्ञानता का प्रतीक है। दीपावली केवल बाहरी अंधकार को दूर करने के लिए ही नहीं, बल्कि उस आंतरिक अंधकार को दूर करने के लिए भी होनी चाहिए जो अक्सर हमारे मन पर छा जाता है- अज्ञान, लोभ, क्रोध और भौतिक आसक्ति। सच्चे ज्ञान और बुद्धि का दीप जलाकर, हम इन नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर कर सकते हैं।

**इतिहास और परंपरा**

दीपावली एक प्राचीन हिंदू त्योहार है जिसकी गहरी सांस्कृतिक जड़ें हैं और कई पौराणिक कथाओं में इसका महत्व है। इस उत्सव के दौरान मिट्टी के दीये में तेल का जलाना, आतिशबाजी करना, उपहारों का आदान-प्रदान करना और स्वादिष्ट मिठाइयाँ और नमकीन व्यंजन बनाना कुछ पारंपरिक रीति-रिवाज हैं। परिवार धन और समृद्धि की प्रतीक देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने घरों की सफाई करते हैं और उन्हें रंग-बिरंगी रंगोली और चमकदार रोशनी से सजाते हैं।

## सेहत

### जैतून और टी ट्री ऑयल का जादुई नुस्खा

अक्सर कानों में घंटों तक इयरफोन लगाने से या फिर लंबे-लंबे समय तक फोन पर बातें करने से कानों में दर्द या खुजली की समस्या बढ़ जाती है। कई बार गंदे हाथ लगाने से इन्फेक्शन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अगर आप जैतून का तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल करने से कान दर्द या खुजली की समस्या हो सकती है। इस उपाय के करने से आपके कानों को आराम मिलेगा दर्द और खुजली की हो जाएगी छुट्टी।

**जैतून का तेल**

जैतून के तेल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद हो जाते हैं। यह तेल सूजन को कम करने में मददगार साबित होता है। आप जैतून के तेल को एक छोटी-सी कटोरी में लेकर हल्का गुनगुना करने के लिए इसे गैस पर ना रखें बल्कि गर्म पानी में कुछ देर के लिए जैतून तेल को बॉटल समेत रख दें। यह गुनगुना हो जाएगा। अब आप तेल की 2-3 बूंदें कानों में ड्रॉपर की मदद से डालें। कान में तेल डालने के बाद आप 5 से 10 मिनट के लिए लेटे रहें ताकि तेल अच्छे से कानों के अंदर पहुंच जाए। 10 मिनट बाद दूसरे कान तेल डाल दें। टी ट्री ऑयल में एंटीफंगल, एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इस ऑयल के इस्तेमाल से कान में आई सूजन को कम करता है। इस बात का ध्यान रखें कि टी ट्री ऑयल काफी तेज होता है, इस तेल को किसी अन्य तेल के साथ मिलाकर ही इस्तेमाल करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज ब्रीफ



## झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से संचालित

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी साहिबगंज के तत्वावधान में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व प्रशिक्षुओं की एलुमिनी मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन साहिबगंज कॉलेज के प्राचार्य प्रो सैयद राजा इमाम रिजवी, मुरली मिशन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह,आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा प्रदीप आजीविका सखी मंडल की जिला प्रबंधक मार्टिन तारिक,जिला लाइवलीहुड प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार, फैकल्टी राजहंस कुमार एवं उपेंद्र गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।निदेशक प्रदीप कुमार झा प्रदीप ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसमें जिले के नौ प्रखंडों से आई कुल 30 महिला प्रशिक्षुओं ने भाग लिया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना है ताकि वे स्वयं का ब्यूटी पार्लर व्यवसाय शुरू कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण युवतियों और महिलाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर करना है,ताकि वे ह्लरोजगार पाने वाली नहीं, रोजगार देने वालीह्व बन सकें।कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रशिक्षु संताना भगत, सीता शाह,सोनी कुमारी,पिंकी देवी,रेणुबाला कुमारी,नीतू देवी,सलिता देवी,गीता देवी आदि ने अपने अनुभव साझा कर बताया कि आरसेटी से मिले प्रशिक्षण के बाद उन्होंने स्वरोजगार अपनाकर अपने परिवार की आय बढ़ाई है।कार्यक्रम का समापन आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ किया गया।इस अवसर पर आरसेटी के कर्मचारी आकाश कुमार,रंजीत कुमार,सुरेन्द्र मुर्मू, नीरज शर्मा,तौफीक आलम सहित प्रशिक्षु पिंकी देवी,आशा देवी,मिनी, मोनिका,दया,पूनम,नमिता और अन्य दीदियाँ उपस्थित रहीं।

## शांति प्रिय लोगों ने साम्प्रादायिक सौहार्द बनाने में एक दूसरे को सहयोग किया है : अमर जॉन



**साहिबगंज :** नगर थाना व जिरवाबाड़ी थाना में दीपावली काली पूजा छठ पर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई।अध्यक्षता सदर एसडीओ अमर जॉन आईंद,सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू व सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की।इस दौरान एसडीओ ने कहा कि सभी को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में एक दूसरे को सहयोग करना चाहिए।शांति व्यवस्था बिगाड़ने का दुस्साहस ना करे कोई वरना कानून में दी गई हदों तक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कहा कि पूर्व में भी यहां के शांति प्रिय लोगों ने साम्प्रादायिक सौहार्द बनाने में एक दूसरे को सहयोग किया है। इस बार भी सभी का सहयोग प्रशासन को मिलेगा।असामाजिक तत्व होश में आ जाएं,क्योंकि प्रशासन ने इस बार पूरी तैयारी कर रखी है।सभी जगहों पर दंडाधिकारी व सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।जगह-जगह बैरिकेडिंग की जाएगी।सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी।एसडीओ से शांति समिति सदस्यों ने सौहाद्र पूर्ण दीपावली,काली पूजा मानने में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही।वहीं एसडीपीओ ने कहा कि किसी प्रकार का किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से फैलाने की कोशिश करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। बताया कि 22 अक्टूबर को विसर्जन के दिन शाम तक प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्वक तरीके से कर लेने की सहमति पूजा समितियों ने जताई है। उन्होंने पंडालों में अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।वहीं कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा।आदेश नहीं मानने पर लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी।वहीं डीजे जब्त कर लिया जाएगा। साउंड हर हाल में 90 डेसिबल से ज्यादा नहीं होगा।शराब पीने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी।नगर प्रशासक अभिषेक सिंह ने बताया सड़कों व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।मौके पर इंस्पेक्टर अमित गुप्ता,जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह सहित शहर के अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## कई ऐसे छात्र हैं जो केवल छात्रवृत्ति के पैसों से अपनी पढ़ाई पूरी कर पाते हैं : थॉमस



**साहिबगंज:**एनएसयूआई साहिबगंज के द्वारा छात्रवृत्ति से संबंधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व में साहिबगंज जिला उपायुक्त को सौंपा गया।एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग रखी कि केंद्र सरकार तत्काल झारखंड राज्य के लिए ओबीसी छात्रवृत्ति का लंबित 60 प्रतिशत केंद्रीय फंड जारी करे।ताकि राज्य के हजारों ओबीसी छात्रों को समय पर उनकी छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त हो सके।थॉमस रॉबर्ट ने कहा कि राज्य सरकार लगातार अपने 40 प्रतिशत हिस्से का भुगतान करती आ रही है।लेकिन केंद्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत फंड रोके जाने से गरीब व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा पर संकट खड़ा हो गया है।कई ऐसे छात्र हैं जो केवल छात्रवृत्ति के पैसों से अपनी पढ़ाई पूरी कर पाते हैं जिनके सामने अब पढ़ाई छूटने का संकट आ खड़ा हुआ है।यह केवल छात्रवृत्ति का नहीं,बल्कि शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की लड़ाई है।इस मौके पर जुबैद अंसारी समेत कई छात्र मौजूद थे।

# कोई भी बच्चा या व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकता है : पदाधिकारी

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जेके हाई स्कूल राजमहल में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विभिन्न सामाजिक कुरीतियों, अपराधों व उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, पोक्सो अधिनियम, अपहरण, एसिड अटैक, गुड टच-बैड टच एवं बाल अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल



विवाह और बाल श्रम न केवल कानूनी अपराध हैं। बल्कि यह बच्चों के शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करते हैं।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने पोक्सो अधिनियम के तहत बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी और बच्चों को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एसिड अटैक एवं अपहरण जैसे गंभीर अपराधों से बचाव हेतु सावधानियां भी बताई गईं।कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया। कि यह नंबर 247 निःशुल्क संचालित होता है।जिसके माध्यम से कोई भी बच्चा या व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकता है।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी-सह केन्द्र प्रशासक, सखी वन स्टॉप सेंटर, साहेबगंज द्वारा महिला हेल्पलाइन 181/112 के बारे में भी जानकारी दी गई तथा महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, बालक-बालिकाओं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम साहिबगंज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने समाज में बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के संदेश को प्रसारित करेंगे और बच्चों के हित में कार्य करते रहेंगे।अंत में विद्यार्थियों ने ह्लबाल अधिकार संरक्षण शपथ ली और यह संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहेंगे तथा अन्य बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। बालक-बालिका हमारे समाज का भविष्य हैं। उन्हें सुरक्षित, शिक्षित सशक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है : डीडीसी



**संवाददाता**

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से लैस पेइंग वार्ड का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह सात बेड वाला अत्याधुनिक वार्ड उन्नत तकनीकी संसाधनों एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है।जो मरीजों को उच्चस्तरीय आरामदायक और स्वच्छ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगा।इस पेइंग वार्ड में प्रत्येक कक्ष को आधुनिक स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सज्जित किया गया है।सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने इस अवसर पर कहा सदर अस्पताल में पेइंग वार्ड की शुरूआत मरीजों को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं से लैस स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जिले के लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्स कगण स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।यह पहल जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की जनसेवा प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। जो हर नागरिक को सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।



## हेलमेट कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस की हुई जांच

**साहिबगंज:** जिला परिवहन पदाधिकारी की निर्देश पर पर्व को देखते हुए मंगलवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई।जांच के दौरान बगैर हेलमेट,कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई।कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान काटे गए,वहीं कुछ वाहन जब्त भी किए गए।परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आम जनता को सुरक्षित यात्रा का माहौल मिल सके।

## विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखीं।जनता दरबार के दौरान पीएम आवास,अबुआ आवास, पेंशन,राशन कार्ड,आधार अपडेट,बैंकिंग परेशानियां, भूमि विवाद,मनरेगा तथा जाति,आय और निवास प्रमाण पत्र से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। बरकत खान ने हर शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने बरकत खान को पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि ह्लहमें पूरा विश्वास था कि जनता की सेवा के लिए सबसे योग्य व्यक्ति आप ही हैं।ह्व इस पर बरकत खान भावुक हो उठे और सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लजनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरा पहला कर्तव्य है।ह्वबरकत खान ने बताया कि विधायक कक्ष में हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा,ताकि हर व्यक्ति अपनी समस्या सीधे रख सके। उन्होंने कहा ह्लकांग्रेस पार्टी की पहचान ही है समस्याओं का समाधान। जनता की सेवा ही मेरा धर्म है।ह्वश्री खान ने कहा की बरहरवा में आयोजित यह जनता दरबार लोगों की उम्मीदों का नया केंद्र बन गया है।जहाँ समस्याएं सिर्फ सुनी नहीं जा रहीं, बल्कि सुलझाने का प्रयास भी किया जाता हैं।मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मो गुलाम रब्बानी,मिथुन मंडल,अजीत कुमार रॉय, कांग्रेस के कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणगण मौजूद थे।

## जामताड़ा में सड़क किनारे बने गड्ढे में गिरकर बालक की मौत,परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़




**जामताड़ा:** जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के काशीटांड़ में सड़क के किनारे बने एक गड्ढे में गिरने से 10 साल के बालक की डूबने से मौत हो गई है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

**खेलने के लिए घर से बाहर निकला था बालक :** परिजनों के मुताबिक बालक घर से सुबह 8:00 बजे खेलने के लिए निकला. काफी देर के बाद बालक जब घर वापस नहीं लौटा तब घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू की. अंत में सड़क के किनारे रेलवे लाइन के पास से बने एक गड्ढे में बालक अचेतावस्था में मिला।

**सदर अस्पताल के डॉक्टर ने किया मृत घोषित :** परिजन बालक को लेकर आनन-फानन जामताड़ा के सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांचकर बालक को मृत घोषित कर किया. इसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसर गया है।

मृतक बालक के पिता ने कहा कि सुबह 8:00 बजे बच्चा घर से बाहर निकला था. घंटो बाद भी घर वापस नहीं लौटा तो खोजबीन करने लगे. उन्होंने बताया कि रेलवे लाइन के पास सड़क निर्माण का काम चल रहा है. जिसे लेकर गड्ढा बनाया गया है. उसी गड्ढे से बालक की लाश बरामद की गई है.

**क्या कहती है पुलिस :** वहीं इस मामले को लेकर जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता से मोबाइल से संपर्क साधा किया तो उन्होंने बताया कि गड्ढे में पानी भरा हुआ था. जिसमें गिरकर डूब जाने से बालक की मौत हुई है. मामले में यूडी केस दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जन वितरण प्रणाली के विक्रेता सही समय पर लोगों को राशन नहीं देती है : जीवन घोष

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक अपनी सात सूत्री मांगो को लेकर अंचल कार्यालय उधवा के समक्ष उधवा प्रखंड अध्यक्ष जीवन घोष की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।धरना मे मुख्य अतिथि के रूप में मधुर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ अपने हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करते आ रही है।उन्होंने कहा की जन वितरण प्रणाली के विक्रेता सही समय पर लोगों को राशन नहीं देती है।श्री यादव ने जन वितरण प्रणाली के विक्रेता से प्रभावित मजदूरों ने दो



दिन का मोहलत देते हुए अंचलाधिकारी को इन बातों से भी अवगत करा दिया है कि यदि आने वाले आगामी माह तक हमारी मांगों को संज्ञान में नहीं लिया गया तो आने वाला समय मे मजदूर संघ वृहत रूप मे आंदोलन करने को वाध्य हो जाएगा।धरना में केन्द्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार पंकज,जिला महामंत्री सह नगर संगठन प्रभारी मोहम्मद इमाम विश्वास,जिला संगठन मंत्री कल्पना कुमारी,जिला कार्य मंत्री मोहम्मद जावेद अख्तर,ब्रह्मदेव यादव,सुमन कुमार यादव,मिथुन राजवंशी,मोज्जेम अलि दिलीप हंसदा,अंजू देवी,मुक्तेश्वर रहमान,मातहर शेख सहित कई लोग उपस्थित थे।मुख्य मांगे

सुतियारपाड़ा के भूमिहीन मजदूरों को जमीन बंदोबस्ती देकर प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना उपाध्यक्ष कराया जाय,

जन वितरण प्रणाली के दोष पूर्ण रबैये में सुधार कराया जाय तथा मजदूर लाभुकों को नियमित राशन मुहैया कराया जाय और राशन कटौती करके विक्रेता द्वारा राशन वितरण किया जाता है,इसकी समुचित जांच करवाई जाय,क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति में शीघ्र सुधार कराया जाय,प्रवासी मजदूरों के आश्रितों को मृत्यु लाभ का अविलम्ब निपटारा किये जाने हेतु सहायक श्रमायुक्त कार्यालय साहेबगंज के द्वारा मांगे गए परिवार के सुचि को 24 घंटे के अन्दर अविलम्ब मुहैया कराया जाय,निज निजी विद्यालयों में बीपीएल धारी परिवार के कम से कम 25% बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाए,अवैध बालू के कारोबार पर प्रतिबंध लगाया जाय, चलान के साथ कारोबारियों को बालू मुहैया कराया जाय ताकि सरकार को भी समुचित राजस्व मिले जिससे कारोबारी को कहीं भी अन्यथा में पुलिस प्रशासन को पैसा नहीं देना पड़े। इससे बालू का दाम कम हो पाएगा,बाल मजदूरी उन्मूलन हेतु भी प्रशासन को संज्ञान लेना की आवश्यकता है, इसके लिए भी संघ के द्वारा प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया।

4 करोड़ मेरी सेलिब्रिटी फीस थी

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई



**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है।

अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा।

कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।

# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी



**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है। याचिका में बताया गया कि हाल ही में साइट्स पर उनकी और उनकी नातिन ईवारा की फर्जी फोटो लगाकर उनकी निजता का उल्लंघन किया गया। बता दें कि ईवारा एक्टर की बेटी अथिया की बेटी हैं, जिन्हें उन्होंने 24 मार्च 2025 को जन्म दिया था। याचिका में सुनील शेट्टी की तरफ से वेबसाइट्स पर कार्रवाई की मांग की गई है।



फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

**अ** त्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नज़रें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। पारिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

# शादी की खबरों पर तृषा कृष्णन का रिएक्शन

● हनीमून को लेकर कह दी यह बात; लिखा- उन लोगों से प्यार है...


हाल ही में साउथ अभिनेत्री तृषा कृष्णन को लेकर एक खबर चल रही हैं कि वो किसी व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। अब एक्ट्रेस ने इसपर टिप्पणी की है। जानिए उन्होंने क्या कहा।



साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की निजी जिंदगी को लेकर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि वो चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने हनीमून का भी जिक्र भी किया है। बस इंतजार है हनीमून अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने अपनी निजी जिंदगी और शादी से जुड़ी अटकलों पर बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मजाकिया अंदाज में एक स्टोरी साझा की है। उन्होंने कहा, 'मुझे अच्छा लगता है जब लोग मेरे लिए मेरी जिंदगी की योजना बनाते हैं। बस इंतजार है कि वे हनीमून भी तय करें।'

### क्या उड़ी थी अफवाह?

सियासत डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं।



## दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात

# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

गीतकार जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर [illegible] र निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 200 रनों से रौंदा, वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप

एजेंसी

**अबू धाबी :** अफगानिस्तान ने मंगलवार देर रात अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। यह अफगानिस्तान की लगातार पांचवीं वनडे सीरीज जीत है। टी20 सीरीज में 0-3 से हारने के बाद अफगान टीम ने जोरदार वापसी करते हुए बांग्लादेश को वनडे में उसी अंदाज में मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 293 रन बनाए। टीम के लिए इब्राहिम जादरान ने 95 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद नबी ने 37 गेंदों में तूफानी 62 रन ठोके। जवाब में बांग्लादेश की टीम महज 27.1 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। बिलाल सामी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि राशिद खान को 3 विकेट मिले।




अफगानिस्तान की पारी की शुरूआत रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने आक्रामक अंदाज में की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 15 ओवर में 99 रन जोड़े। गुरबाज 40 रन बनाकर आउट हुए, जबकि इब्राहिम 95 रन पर रन आउट हुए। नबी ने अंतिम ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14 गेंदों में 45 रन जोड़े और पारी को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम शुरूआत में ही लड़खड़ा गई। मोहम्मद नाइम नौवें ओवर में आउट हुए और इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। 70/3 के स्कोर से टीम 81/8 तक सिमट गई। केवल सैफ हसन ही 43 रन बनाकर टिक सके, बाकी सभी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

**संक्षिप्त स्कोर:**

- ✔ अफगानिस्तान - 293/9 (इब्राहिम जादरान 95, मोहम्मद नबी 62*, सैफ हसन 3/6, तनवीर इस्लाम 2/46)
- ✔ बांग्लादेश - 93 (सैफ हसन 43; बिलाल सामी 5/33, राशिद खान 3/12)
- ✔ परिणामः अफगानिस्तान ने 200 रनों से जीत दर्ज की।

# इंग्लैंड ने लातविया को 5-0 से हराकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप में जगह पक्की की



**नई दिल्ली :** इंग्लैंड ने लातविया को 5-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। बुधवार (भारतीय समयानुसार) को हुए मुकाबलों में हैरी केन का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इसके साथ ही इटली और इजरायल के मैच से पहले प्रोपैलेस्टाइन प्रदर्शनों ने भी माहौल गर्म कर दिया। ग्रुप के में इंग्लैंड ने अपनी विजयी लय को जारी रखते हुए रीगा में लगातार छठी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ इंग्लैंड के 18 अंक हो गए और उसे शीर्ष स्थान पर सात अंकों की बढ़त मिल गई, जिससे उसने दो मैच शेष रहते ही विश्व कप का टिकट हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए एंथनी गॉर्डन ने पहला गोल किया, जिसके बाद हैरी केन ने दो गोल दागे, जिसमें एक पेनल्टी भी शामिल थी। हाफ टाइम तक इंग्लैंड 3-0 की बढ़त बना चुका था। इस प्रदर्शन के साथ केन ने क्लब और देश के लिए इस सीजन में 13 मैचों में कुल 21 गोल पूरे कर लिए। मैच के बाद इंग्लैंड के कोच थॉमस टुशेल ने कहा, ह्वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करना हमेशा खास होता है, इसलिए टीम का मूड बहुत शानदार है। दूसरे हाफ में लातविया के मक्सिम्स टोनिसेव्स के आत्मघाती गोल और एबेरेची एजे के गोल ने इंग्लैंड की 5-0 की एकतरफा जीत पर मुहर लगा दी।



# विश्व कप क्वालिफायर में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बने क्रिस्टियानो रोनाल्डो

एजेंसी

**लिस्बन (पुर्तगाल) :** पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बुधवार को हंगरी के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में रोनाल्डो ने दो गोल दागकर इतिहास रच दिया। 40 वर्षीय रोनाल्डो अब विश्व कप क्वालिफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ग्वाटेमाला के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कार्लोस रुइज (39 गोल) को पीछे छोड़ते हुए अपना 40वां और 41वां गोल किया। पांच बार के बैलन डीह्वऑर विजेता रोनाल्डो ने 22वें मिनट में नेल्सन सेमेडो के क्रॉस पर शानदार फिनिश के साथ पुर्तगाल को बराबरी दिलाई। इसके बाद हाफ टाइम से पहले नूनो मेंडेस के पास पर गोल करते हुए टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।

**विश्व कप क्वालिफायर में सर्वाधिक गोल करने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ी:**

1. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) झ 41 गोल
2. कार्लोस रुइज (ग्वाटेमाला) झ 39 गोल
3. लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) झ 36 गोल

# नेतन्याहू ने कहा-हमास ने निशस्त्रीकरण से इनकार किया तो तबाही मच जाएगी

एजेंसी

**तेल अवीव :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आज कठोर रुख अपनाते हुए कहा कि अगर हमास ने निशस्त्रीकरण से इनकार किया तो तबाही मच जाएगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब इजराइल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम का पहला चरण प्रभावी हो चुका है। इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा जा रहा है। इस बीच हमास ने चार बंधकों के शव इजराइल को सौंप दिए हैं। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सीबीएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा है कि अगर हमास निशस्त्रीकरण



के लिए सहमत नहीं होता है, तो तबाही मचनी तय है। यह पूछने पर कि जब इजराइली सेना अभी भी गाजा के कुछ हिस्सों में तैनात है और हमास पट्टी पर फिर से नियंत्रण स्थापित कर रहा है, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि युद्ध समाप्त हो गया है? नेतन्याहू ने कहा, ₹हम शांति को एक मौका देने के लिए सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्धविराम समझौते में यह प्रावधान है कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह को निशस्त्र और गाजा का विसैन्यीकरण किया जाना चाहिए। गाजा पट्टी के अंदर कोई हथियार कारखाने नहीं चलने चाहिए और इसकी सीमाओं पर कोई तस्करी नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा है कि अगर हमास समझौते के अपने हिस्से का पालन नहीं करता है तो हम उसे हिंसक तरीके से निशस्त्र कर देंगे। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें इजराइल और हमास के बीच समझौते के अगले चरण के शांतिपूर्ण होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की शर्तें बहुत स्पष्ट हैं।ः हमास को अपने हथियार छोड़ने होंगे और विसैन्यीकरण करना होगा, वरना सब कुछ बिगड़ जाएगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम शांति को एक मौका देने पर सहमत हुए हैं। यही बात ट्रंप ने गाजा के लिए अपनी 20-सूत्रीय शांति योजना के पहले चरण के अवसर पर तेल अवीव की संक्षिप्त यात्रा के एक दिन बाद कही थी। इस बीच इजराइली स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि चार मृत बंधकों के अवशेषों वाले ताबूत पहचान के लिए तेल अवीव स्थित अबू कबीर फॉरेंसिक संस्थान पहुंच गए हैं। पहचान प्रक्रिया में दो दिन तक का समय लग सकता है। हमास ने सौंपे गए बंधकों की पहचान नहीं बताई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हमास ने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह बुधवार को मृत बंधकों के चार और शव इजराइल को सौंपेगा। इसके साथ हमास द्वारा लौटाए गए बंधकों के शवों की संख्या 12 हो जाएगी। हमास ने दावा किया है कि उसे सभी शवों तक पहुंचने के लिए समय चाहिए क्योंकि उनमें से कुछ आईडीएफ की बमबारी में ध्वस्त इमारतों और सुरंगों के मलबे के नीचे हैं। कुछ शव आईडीएफ के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में हैं। हमास ने ऐसे शवों की संख्या 16 बताई है। इजराइल ने हमास के दावों को टालमटोल की रणनीति बताकर खारिज कर दिया है और धमकी दी है कि अगर आतंकवादी समूह शेष शवों को तुरंत वापस नहीं करता है तो वह सहायता सीमित कर देगा। मिस्र के साथ राफाह सीमा बंद कर दी जाएगी। और लड़ाई फिर से शुरू कर दी जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी मंगलवार को कहा कि हमास ने मध्यस्थों को शवों के बारे में धोखे में रखा है।

## मुख्यमंत्री आज चंपावत में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में करेंगे प्रतिभाग



एजेंसी

**चंपावत :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अक्टूबर को चंपावत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जीजीआईसी ऑडिटोरियम, चंपावत में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे और कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री के वरिष्ठ निजी सचिव भूपेंद्र सिंह बसेड़ा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम धामी पूर्वाह्न 11:30 बजे गुप्तकाशी हेलीपैड से रवाना होकर अपराह्न 12:30 बजे चंपावत के सर्किट हाउस हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 1:15 बजे जीजीआईसी ऑडिटोरियम में विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन में भाग लेंगे तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अपराह्न 3 बजे खटीमा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वे राष्ट्रीय राजमार्ग के आपदाग्रस्त क्षेत्र स्वांला का निरीक्षण करेंगे और अमोड़ी में वे-साइट एमिनीटीस का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री सिन्याड़ी, सूखीढांग और बस्टिया में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकताओं से भी मुलाकात करेंगे।

## राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज को 'जन चेतना रत्न पुरस्कार'

**मुंबई :** राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज को उनके गहन लेखन और प्रेरणादायक विचार नेतृत्व के लिए ₹जन चेतना रत्न पुरस्कार₹ से सम्मानित किया गया है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने डोंबिवली में आयोजित एक समारोह में उन्हें सम्मानित किया। राजयोगी निकुंज ब्रह्माकुमारीज के मीडिया विंग के राष्ट्रीय समन्वयक और एक प्रख्यात आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता हैं। उनके अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और गुजराती भाषाओं में नौ हजार से अधिक लेख भारत, नेपाल और यूके में प्रकाशित हुए हैं। उनके लेखों ने लाखों लोगों के जीवन को छुआ है। उन्होंने आत्म-जागृति का संदेश फैलाया है। रविंद्र चव्हाण ने राजयोगी निकुंज के नैतिक मूल्यों के प्रचार, सामाजिक चेतना के उत्थान और जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार दुनिया में ऐसे आध्यात्मिक और सकारात्मक विचारों की जरूरत है। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज के मध्य मुंबई और उत्तर खानदेश केंद्रों की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शकु दीदी और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके विष्णुप्रिया उपस्थित थीं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ओरछा में श्री रामराजा लोक का भूमिपूजन करेंगे

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज (बुधवार को) ओरछा जाएंगे। जहां वे श्री रामराजा लोक का भूमिपूजन करेंगे। 332 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इसके अलावा सिंगरौली भी जाएंगे। जहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12:50 बजे भोपाल से ओरछा जाएंगे। ओरछा में श्री रामराजा लोक के द्वितीय चरण के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। 257 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और 74 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वे 332 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। जुझार सिंह महल का भ्रमण कर श्री रामराजा लोक फेस-1 के निमार्णाधीन कार्यों का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सीएम श्री रामराजा वृद्धाश्रम में भोजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 4:45 बजे देवसर, जिला सिंगरौली में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6:45 बजे भोपाल वापस लौटेंगे। भोपाल में रात 8 बजे अरेरा कॉलोनी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत रत्न, 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को जयंती पर किया नमन

**भोपाल :** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन और महान वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की आज यानी बुधवार को (15 अक्टूबर) को जयंती है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती को विश्व छात्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। देश और दुनिया में उनके करोड़ों प्रशंसक उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अपने संदेश में कहा महान वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न से सम्मानित, 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनाने का सपना देखा और इस संकल्प की सिद्धि हेतु जीवन समर्पित किया।

## इंदौर: दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय कर से होंगे मुक्त

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर में दीपावली पर्व के अवसर पर कुम्हारों द्वारा पारंपरिक रूप से मिट्टी के दीये बनाकर बाजारों में विक्रय के लिए लाने की परंपरा को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने बड़ी पहल करते हुए मिट्टी के दियों की बिक्री को कर मुक्त कर दिया है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। एडीएम रोशन राय ने बुधवार को बताया कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और परंपरागत व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मिट्टी के दीये के विक्रय में किसी प्रकार की बाधा न आए। ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह का कर वसूल नहीं किया जाये,



इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में संबंधित सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि ग्रामीणों व कुम्हारों को मिट्टी के दीये बाजारों में बेचने के लिए किसी भी प्रकार की रोक-टोक न हो। साथ ही पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुकूल इन पारंपरिक दीयों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आमजन को प्रेरित करने की बात भी कही गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोशन राय द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश की प्रतियां पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत, नगर निगम, उप पुलिस अधीक्षक, जनपद पंचायतों सहित सभी संबंधित विभागों को भेजी गई हैं ताकि निदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अधिक से अधिक पारंपरिक गोबर एवं मिट्टी के दीयों का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय कारीगरों को भी लाभ मिल सकें।

## एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना का लाभ पाने को 30 अक्टूबर तक करें आवेदन

**प्रयागराज :** योगी सरकार प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना को शुरू किया है। इस पुरस्कार योजना के तहत लाभ देने के लिए आवेदन मांगा है। आवदेन करने की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। यह जानकारी गुरूवार को सहायक आयुक्त उद्योग उमेश वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को प्रोत्साहन करने के लिए एम. एस.एम.ई. प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन मांगा है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की 14 श्रेणियों यथा लेदर, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, फूड, कार्पेट दरी, जरी, बिल्डर्स हार्डवेयर, केमिकल, ग्लास एण्ड सिरेमिक्स, होजरी रेडीमेडए लकड़ी का फर्नीचर, स्पोर्ट्स गुड्स, सिल्क, विविध हस्तशिल्प तथा सेवा क्षेत्र की 12 श्रेणियों यथा टूरिज्म, शापिंग/रिटेल, एजूकेशन, हेल्थकेयर, मीडिया एवं विज्ञापन, आई.टी., लीगल, होटल एवं कैटरिंग, ट्रांसपोर्ट, कन्सट्रक्शन, फाइनेन्सिलय, विविध में आवेदनपत्र भरे जा सकते हैं।

## मप्र में आपदा प्रबंधन को नई दिशा देने के उद्देश्य से भोपाल में आज उच्चस्तरीय सम्मेलन

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में बाढ़, सूखा और मौसम जनित घटनाएं बीते कुछ वर्षों में लगातार गंभीर होती जा रही हैं। इन आपदाओं से जान-माल के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ा है। इन्हीं चुनौतियों के मद्देनजर अब राज्य सरकार आपदा प्रबंधन के लिए एक दीर्घकालिक, समावेशी और वित्तीय रूप से मजबूत रणनीति की ओर बढ़ रही है। इसी क्रम में आज बुधवार को राजधानी भोपाल में एक राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मध्य प्रदेश में आपदा सहनशीलता को सशक्त बनाना है। प्राप्?त जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में बुधवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एआईजीजीपीए (अक्क्ष्ह्रढ्ढअ) के कॉन्फ्रेंस हॉल में इस सम्मेलन का उद्घाटन होगा। साथ ही यूएनडीपी इंडिया की डिप्टी रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव इसाबेल त्सचान, एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार सैफी अहसन रिजवी (ऑनलाइन माध्यम से), तथा गृह विभाग, योजना, कृषि, महिला एवं बाल विकास और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संबोधित करेंगे। आयोजन एआईजीजीपीए, मध्य प्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग (टढफ्ठअ), राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान (टढ उद्दक) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के संयुक्त प्रयास से हो रहा है। बैठक का मूल उद्देश्य राज्य में एक मजबूत और समावेशी राज्य आपदा बीमा पूल की अवधारणा पर चर्चा करना है, जिससे आपदाओं के दौरान प्रभावित समुदायों, खासकर किसानों, महिलाओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लघु उद्यमों को त्वरित और प्रभावी वित्तीय सहायता मिल सके।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,644.31




अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 172.91 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूट कर 22,521.70 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,339.31 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,452.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,919.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 150.99 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,236.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में से इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स फिलहाल 0.79 प्रतिशत लुढ़क कर 8,003.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 166.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,361.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,369.99 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 2.02 प्रतिशत उछल कर 3,633.92 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 363.72 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 27,156.87 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 328.65 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,770 अंक के स्तर पर, निक्केई इंडेक्स 580.68 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 47,428 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.81 प्रतिशत उछल कर 1,276.69 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,869.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### हमसफर एक्सप्रेस में बिना टिकट यात्रा करते बांग्लादेशी घुसपैठिया पकड़ाया, जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**वाराणसी :** वाराणसी में कैंट स्टेशन पर बीती मंगलवार की रात सियालदाह-जम्मूतवी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट यात्रा कर रहे बांग्लादेशी घुसपैठिए हाकिम को टीटी ने जीआरपी के अधिकारी को सौंपा। पूछताछ में हाकिम ने अपना मूल स्थान बांग्लादेश का बेनपोल बताया तो जीआरपी अधिकारियों ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जीआरपी ने एटीएस, आइबी, रेलवे इंटेलिजेंस और एलआइयू को सूचना दी। बांग्लादेशी घुसपैठिए से सभी विभागों के अधिकारी बारी बारी पूछताछ कर रहे हैं। रेलवे पुलिस के डीएसपी कुंवर प्रभात सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि हाकिम ने शुरूआती पूछताछ में कई सारी बातों को बताया है। 12 अक्टूबर को हाकिम ने मालगाड़ी के माध्यम से बंगलादेश के बेनोपोल स्टेशन से घुसपैठ की और हरदासपुर बार्डर से भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया। उसके बाद हाकिम को सियालदाह स्टेशन से 22317 हमसफर एक्सप्रेस मिली और वह उसमें बैठ करके दिल्ली जाने के लिए यात्रा कर रहा था, जब वाराणसी में टीटी ने उसे बिना टिकट पकड़ कर जीआरपी को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के बिधूना तहसील के अंतर्गत बेला थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा बेला-दिबियापुर मार्ग पर नुनारी गांव के पास हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल जिला अस्पताल चिचोली भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज जनपद के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव महादेव का पुरवा निवासी अजीत सिंह (36) पुत्र रामविलास और जितेंद्र सिंह (35) पुत्र कमलेश के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों किसी कार्य से मोटरसाइकिल से बेला की ओर जा रहे थे, तभी नुनारी गांव के पास यह हादसा हो गया। बेला थाना अध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि हादसा मंगलवार देर रात का है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। परिजनों को सूचना दे दी गई, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर का उल्टापानी जहां गुरुत्वाकर्षण भी हार मान लेता है

**अंबिकापुर :** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले के मैनपाट की हरी-भरी वादियाँ इस वक्त चचाओं में हैं। वजह है यहां का मशहूर ह्यउल्टापानीह्न, जहां पानी नीचे नहीं, ऊपर की ओर बहता दिखाई देता है। गाड़ियां न्यूट्रल में डालने पर खुद-ब-खुद चढ़ाई चढ़ जाती हैं। ऐसा दृश्य देखने के बाद हर कोई सोच में पड़ जाता है क्या यहाँ गुरुत्वाकर्षण के नियम बदल गए हैं?




रहस्यमय जगह, जहां नजरें धोखा खा जाती हैं

अंबिकापुर से लगभग 55 किलोमीटर दूर मैनपाट के बिसर पानी क्षेत्र में यह प्राकृतिक रहस्य स्थित है। चारों ओर ऊँचे पेड़, घुमावदार सड़कें और हल्की ढलानें हैं लेकिन इन ढलानों पर पानी की धाराएं ऊपर जाती नजर आती हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि, यह दृश्य वर्षों से वैसा ही है, और अब यह जगह देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। लछ्न बाई, जो पास के गांव की निवासी हैं, कहती हैं कि, हम तो बचपन से देख रहे हैं बेटा, यहाँ पानी नीचे नहीं, ऊपर चढ़ता है। गाड़ी भी बिना गियर लगाए ऊपर की तरफ चल पड़ती है। भगवान की लीलाएं हैं ये! ड्राइवर रमेश गुप्ता मुस्कुराते हुए बोले कि, पहली बार देखा तो डर ही गया था, लगा गाड़ी में कुछ गड़बड़ है। अब सैलानियों को यही दिखाने लाते हैं, और सब दंग रह जाते हैं। सरगुजा विश्वविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. आर.के. वर्मा बताते हैं कि, यह एक ऑप्टिकल इल्यूजन (दृश्य भ्रम) है। भूमि का झुकाव और पेड़ों की दिशा ऐसी है कि आंखें असली ढलान को पहचान नहीं पातीं। जब हमने थ्योदो लाइट और लेवलिंग उपकरण से जाँच की, तो पाया कि पानी वास्तव में नीचे ही बह रहा है लेकिन देखने में वह ऊपर जाता प्रतीत होता है। रायपुर से आई पर्यटक निधि अग्रवाल कहती हैं कि, हमने वीडियो बनाया, कागज की नाव छोड़ी सचमुच ऊपर जा रही थी! बच्चों ने तो कहा ये मैजिक वाटर है। मैनपाट में यह जगह सबसे रोमांचक लगी। मैनपाट को पहले ही मिनी तिब्बत कहा जाता है। यहाँ का मौसम, ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य हर किसी को मोह लेता है। अब उल्टापानी इस हिल स्टेशन की नई पहचान बन चुका है। स्थानीय प्रशासन इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। उल्टापानी यह साबित करता है कि प्रकृति हमेशा हमारी इंद्रियों से ज्यादा चतुर है। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि प्रकृति का एक सुंदर भ्रम है जो हमें यह सिखाता है कि हर दिखने वाली चीज वैसी नहीं होती जैसी लगती है। अंबिकापुर का यह जल-संगम अब सिर्फ वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि पर्यटकों के लिए अद्भुत अनुभव का ठिकाना बन गया है।

### मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में तीन दिन बारिश का अलर्ट, नर्मदापुरम-जबलपुर संभाग में दिखेगा असर



**भोपाल :** मध्य प्रदेश से मानसून की विदाई हो गई है, लेकिन आने वाले एक सप्ताह तक दक्षिणी हिस्से में हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। तीन दिन तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 10 जिलों में असर देखने को मिलेगा। वहीं, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर समेत बाकी के हिस्से में तेज धूप खिली रहेगी। मानसून की विदाई के साथ ही प्रदेश की रातें ठंड हो गई है। कई शहरों में रात का तापमान 20 से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिणी हिस्से के जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। आज बुधवार को बूंदाबांदी होने की संभावना है। 15, 16 और 17 अक्टूबर को गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। बीते मंगलवार को मौसम साफ रहा, लेकिन बुधवार को गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है। इस बीच प्रदेश में रातें ठंडी हो गई है। हवा का रुख बदलने से ऐसा हो रहा है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से उत्तरी हवा चल रही है और मध्यप्रदेश में ठंडक बढ़ा रही है। सोमवार-मंगलवार की रात प्रदेश के अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के नीचे आ गया। भोपाल में 16 डिग्री, इंदौर में 17.2 डिग्री, ग्वालियर में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 18.8 डिग्री और जबलपुर में पारा 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह खंडवा में 15 डिग्री, राजगढ़ में 14.4 डिग्री, शिवपुरी में 16 डिग्री, नौगांव में 15.1 डिग्री, रीवा में 17.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मुख्यमंत्री सरमा ने जयंत हजारिका को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने असमिया संगीत के महान गायक और संगीतकार जयंत हजारिका की पुण्यतिथि पर गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयंत हजारिका असमिया संगीत के एक अमर व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने जादुई स्वर और अनोखी रचनाओं से संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उन्होंने कहा कि हजारिका के अमर गीत आज भी हर पीढ़ी के दिल में गूंजते हैं और असम के संगीत आकाश में सदा प्रतिध्वनित होते रहेंगे।

न्यूज IN ब्रीफ

## लाल राजीव नाथ शाहदेव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव बने



आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने अपने प्रदेश कमेटी को विस्तार करते हुए लाल राजीव नाथ शाहदेव को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है इसके लिए राजीव शाहदेव ने पूरे क्षत्रिय महासभा एवं अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री शाहदेव ने क्षत्रिय एवं सनातन समाज के लिए जो भी दायित्व मिला है उसका निर्वाह अच्छी तरह से करेंगे।

## गढ़वा में स्कूली छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने किया बवाल




गढ़वा : जिले के बड़गड़ प्रखंड स्थित एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल मचाया. परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थी.

परिजनों का आरोप है कि परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बड़गड़ की शिक्षिका द्रौपदी मिंज की पिटाई के कारण छात्रा दिव्या कुमारी की मौत हुई है. परिजनों का कहना है कि उनकी बच्ची की सिर्फ इसलिए पिटाई की गई, क्योंकि वह जूते की जगह चप्पल पहनकर विद्यालय चली गई थी. परिजनों के अनुसार सभी साथियों के सामने अपने को पिटता देख दिव्या काफी आहत हो गई थी और वह कोमा में चली गई थी. जिसके बाद उसका इलाज बड़े से बड़े अस्पताल में कराया गया, लेकिन वह बच नहीं सकी और मंगलवार को उसकी मौत हो गई.

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

वहीं घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में गम और गुस्से का माहौल है. परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया. परिजनों ने प्रशासन से न्याय की मांग की है. इधर, सड़क जाम की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन परिजन और ग्रामीण दोषी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग पर अडिग हैं.

मामले की जांच में जुटा पुलिस-प्रशासन

वहीं इस संबंध में बड़गड़ प्रखंड के बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि छात्रा की मौत का मामला संज्ञान में आया है. परिजनों ने स्कूल की शिक्षक पर छात्रा की पिटाई करने का आरोप लगाया है. मामले की जांच की जाएगी. वहीं पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## पूर्व सीएम रघुवर दास ने स्वदेशी सामान अपनाने पर दिया जोर



**हजारीबाग :** भाजपा देश भर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चला रही है. इसी क्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास हजारीबाग पहुंचे. अभियान के दौरान रघुवर दास ने जहां एक ओर लोगों से स्वदेशी सामान के अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की, वहीं दूसरी ओर पेसा कानून का जिक्र करते हुए राज्य सरकार को घेरने का भी काम किया है. आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए इन दिनों प्रधानमंत्री ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है. जिसका उद्देश्य हर एक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है. वोकल फॉर लोकल के लिए मुहिम को बढ़ाना है. इसी कड़ी में हजारीबाग में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अभियान का आयोजन सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में किया गया.

इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लोगों से आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की. साथ ही उन्होंने कहा कि लोकल सामानों का उपयोग करें. दीपावली में हर एक व्यक्ति लोकल उत्पाद की ही खरीदारी करे. खासकर अपने घर की सजावट कुम्हार के हाथों से बने दीपक से करें. दीपक आपके घर जलेगा, रोशनी कुम्हार के घर होगी.

पेसा कानून को लेकर सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अभियान के दौरान स्वराज बनाने की बात की. उन्होंने स्वराज के चार मंत्र बताए. स्वधर्म, स्वभाषा, स्वदेशी और स्वशासन. स्वधर्म अपने धर्म की रक्षा करना, स्वभाषा अपने भाषा का अधिक से अधिक उपयोग करना, स्वदेशी सामान का उपयोग करना और स्वशासन मतलब पेसा कानून को लागू करना, जो राज्य सरकार अब तक नहीं कर पाई.

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान न केवल एक योजना है, बल्कि यह एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन है. जो देश को सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनने के संकल्प से जोड़ना है ताकि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का नारा साकार हो सके. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को सशक्त बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है.

# जनता दरबार के माध्यम से अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

संवाददाता

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी



गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री हीरा कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कल्याण सचिव कृपानंद झा अपने प्रशासनिक अनुभव से दे रहे हैं विभाग को भरपूर गति



बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2005 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और अपने उपलब्धि भरे कार्यों के लिए राज्य में पहचाने जाने वाले कल्याण विभाग के आईएएस अधिकारी कृपानंद झा अपने बेहतर प्रशासनिक दक्षता और क्षमता के फलस्वरूप विभाग को बेहतर बनाने में सफल रहे हैं। कल्याण विभाग के लिए निरंतर समीक्षात्मक बैठक कर विभाग के कार्यों को बेहतर दिशा देने के लिए सकरात्मक पहल पूर्ण रूप से सफल रहा है। छात्रवृत्ति, साईकिल वितरण जैसे जन कल्याणकारी कार्य भी बेहतर ढंग से संपादित हुए हैं जिसका श्रेय श्री झा को जाता



है। श्री झा जामताड़ा, सरायकेला खरसावां, बोकारो के अलावे कई अन्य जगह के उपायुक्त रह चुके हैं।

## संताल परगना महाविद्यालय के महेंद्र गोरे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया कॉलेज का मान

संवाददाता

**दुमका :** संताल परगना महाविद्यालय, दुमका के लिए गर्व का क्षण तब आया जब महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रतिभावान शिक्षक डॉ. महेंद्र गोरे ने रूस के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. बिजन साहा के साथ संयुक्त रूप से एक अंतरराष्ट्रीय शोधपत्र (फ्रीरींएूँ ढंस्री१) प्रकाशित किया। इस शोधपत्र के प्रकाशन से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित हुआ है। यह शोधपत्र भौतिकी विज्ञान के उन्नत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। भारतीय और रूसी वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड के रहस्यों को समझाने के लिए नया मॉडल विकसित किया। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका (भारत) और जॉइंट इंस्टिट्यूट फॉर न्यूक्लियर रिसर्च, डबना (रूस) के वैज्ञानिकों ने मिलकर ब्रह्मांड के विस्तार और उसकी रहस्यमयी शक्तियों को समझाने का एक नया तरीका खोजा है। यह शोध, डॉ. महेन्द्र गोरे और प्रो. बिजन साहा द्वारा किया गया है। इसमें वैज्ञानिकों ने लंबे समय से चल रही पहेलियों – जैसे डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, और हबल टेंशन (यानी ब्रह्मांड के फैलने की गति पर असहमति) – को समझने की कोशिश की है। इन



वैज्ञानिकों ने डार्क मैटर और डार्क एनर्जी को दो अलग-अलग चीजों की बजाय एक ही मॉडल में जोड़ा है, जिसमें उन्होंने ह्लस्पिनर फील्डह्व नाम की क्वांटम भौतिकी से जुड़ी एक गणितीय अवधारणा का उपयोग किया है। इस मॉडल को स्पिनर जनरलाइज्ड चैप्लिगिन गैस मॉडल कहा गया है।शोधकताओं ने अपने मॉडल को असली खगोलीय आंकड़ों से जांचा – जिनमें दूरस्थ सुपरनोवा, गैलेक्सी सर्वे, और हबल मापन के आंकड़े शामिल हैं। परिणामों से पता चला कि यह मॉडल ब्रह्मांड के व्यवहार को बहुत अच्छे तरीके से समझाता है। सबसे खास बात यह है कि यह मॉडल ब्रह्मांड के विस्तार की थोड़ी धीमी दर का अनुमान लगाता है, जो वर्तमान में वैज्ञानिकों के बीच चल रही ह्ल हबल टेंशनह्व समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो यह अध्ययन बताता है कि कुछ अदृश्य या रहस्यमयी कण या क्षेत्र ब्रह्मांड की वृद्धि को प्रभावित कर रहे हैं, और यह नया सिद्धांत वैज्ञानिकों को यह समझने में एक कदम आगे ले जा सकता है कि हमारा ब्रह्मांड वास्तव में कैसे काम करता है।

भौतिकी विभाग के अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी महेंद्र गोरे को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. रविशंकर कुमार ने कहा कि यह सफलता आने वाले शोधकताओं के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनेगी और विभाग भविष्य में भी ऐसे शोध कार्यों को प्रोत्साहित करता रहेगा। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि संताल परगना महाविद्यालय के विद्यार्थी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।

## अवैध बालू का भंडारण कानूनन अपराध : आनंद कुमार

संवाददाता

**दुमका :** अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार पूरी तरह से सख्त हैं। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में डीएमओ के द्वारा अवैध बालू भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की गई एवं रामगढ़ अंचल के पूर्णिया ग्राम में लगभग 10 हजार सीएफटी बालू को जप्त किया गया। साथ ही अवैध बालू भंडारण करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिक की दर्द करवाई गई। एवं संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए थाना प्रभारी को अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

ऐसे हुई कार्रवाई

डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत बालू का खनन कर भंडारण किया जा रहा है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक मंजीत कुमार दुबे एवं पुलिस बल के द्वारा मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे संयुक्त छापेमारी की गई। छापेमारी में रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम पूर्णिया में लगभग 10 हजार सीएफटी अवैधे तरीके से बालू रखा गया पाया गया, जब इसकी जांच खान निरीक्षक के द्वारा किया गया तो पाया गया कि भंडारित बालू को लेकर विभाग द्वारा कोई भी लाइसेंस नहीं निर्गत है। इसके बाद अविलंब बालू को जब्त कर लिया गया एवं बालू का अवैध भंडारण करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हंसडीहा थाने में प्राथमिक की दर्ज करवाई गयी।

बालू का भंडारण कानूनी अपराध..... आनंद कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, दुमका

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध तरीके से बालू का भंडारण कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ नियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांगजन हमारी प्राथमिकता हैं, आत्मनिर्भर बनाना हमारा संकल्प : उपायुक्त



**दुमका :** सदर प्रखंड परिसर में मंगलवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने लाभुकों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने सभी लाभुकों से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और अधिकारियों को दिव्यांगजनों की सुविधा एवं पुनर्वास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

# लातेहार पुलिस ने टीएसपीसी के तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार

### हथियार और गोलियां बरामद

**लातेहारः** पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए टीएसपीसी नक्सली संगठन के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार नक्सलियों में टीएसपीसी का प्रमुख कमांडर प्रताप गंझू के अलावे संतोष गंझु और अशोक गंझु शामिल हैं. नक्सलियों के पास से पुलिस ने तीन पिस्टल, 40 गोलियां समेत अन्य सामान बरामद किए हैं.

दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी नक्सलियों का एक दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाते हुए रांची के मैक्लुस्कीगंज होते हुए बालूमाथ की ओर आ रहा है. नक्सली एक कार पर सवार हैं, ताकि किसी को शक ना हो सके. सूचना मिलने के बाद एसपी कुमार गौरव ने बालूमाथ डीएसपी



विनोद रवानी और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की और आरोपियों के खिलाफ छापेमारी आरंभ की गई. पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान भी आरंभ किया. चेकिंग अभियान के दौरान जब पुलिस ने एक कार की जांच आरंभ की तो उसमें संदिग्ध अवस्था में तीन लोग पाए गए. जब पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो उसमें छुपा कर रखे गए तीन पिस्टल, 40 गोलियां समेत अन्य सामान भी बरामद हुए. इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ आरंभ की. पूछताछ के क्रम में नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग लेवी वसूलने जा रहे थे.

कोयला व्यवसाईयों से लेवी वसूलते थे नक्सली

इधर प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस ने तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने बताया कि इन नक्सलियों का मुख्य कार्य लेवी वसूलना ही था. लेवी वसूलने के लिए हिंसक घटनाओं को अंजाम देकर यह क्षेत्र में दहशत फैलाते थे. गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ पूर्व में भी कई हिंसक घटनाओं से संबंधित मामले विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज हैं. गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी हैं. जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.